




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
साझा करें अपने मित्रों से
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल








वर्ष- 13, अंक - 233 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, शुक्रवार 10 जून 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास खबर

### गली-गली घूमकर उपद्रवियों के हमदर्दों को तलाश रही एटीएस

**कानपुर ( एजेंसी )।** एटीएस ने गुरुवार को कानपुर के संवेदनशील क्षेत्रों में गली-गली घूम-घूम कर जानकारियां जुटाईं। बवाल वाले स्थान पर लोगों से पूछताछ की। बंदी के आह्वान के लिए हुई बैठकों में जुटे लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई है। पीएफआई के लिए फंड मैनेज करने वाले संदिग्ध के कनेक्शन की आशंका में एक टीम बरेली भी गई है।

एटीएस ने बेकनगंज, चमनगंज, पेंचबाग, चमड़इयां, दादा मियां चौराहा आदि क्षेत्रों में घूम-घूम कर क्षेत्रीय लोगों से कई बिंदुओं पर जानकारियां जुटाईं। यह भी टोह ली कि बवाल में स्थानीय अपराधियों की भूमिका कितनी रही। अपराधियों के संपर्क में कौन था। अपराधियों के शामिल होने की पुष्टि पहले ही हो चुकी है। इस मामले में कराई गई एफआईआर में डीटू व अन्य गैंग के अपराधियों के नाम हैं।

## हसदेव अरण्य में खनन का मामला: लोगों के विरोध के बाद भूपेश सरकार ने लिया फैसला

# खनन परियोजना पर लगी रोक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने सरगुजा संभाग के हसदेव अरण्य वन क्षेत्र में राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) को आवंटित तीन आगामी कोयला खदान परियोजनाओं के संबंध में कार्यवाही रोक दी है। परियोजनाओं को स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं के कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का दावा है कि कोयला खदान से जैव विविधता और पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचेगा। पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील हसदेव अरण्य वन क्षेत्र में खनन न केवल आदिवासियों को विस्थापित करेगा साथ ही क्षेत्र में मानव-हाथी संघर्ष भी बढ़ेगा।



छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने कोयला खदान परियोजनाओं का विरोध कर रहे स्थानीय ग्रामीणों के समर्थन में सोमवार को सरगुजा जिले के हसदेव अरण्य क्षेत्र के गांवों का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि यदि विरोध करने वालों पर लाठी या गोली चली तो इसे झेलने वाले वह पहले व्यक्ति होंगे। वहीं अगले दिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अगर सिंह देव नहीं चाहते कि कोयला खदान परियोजनाओं के लिए पेड़ों को काटा जाए तो एक भी शाखा नहीं काटी जाएगी। खनन परियोजनाओं को रोके जाने की पुष्टि करते हुए सरगुजा के जिलाधिकारी संजीव झा ने बृहस्पतिवार को बताया कि तीन आगामी परियोजनाएं परसा, परसा पूर्व और कांते बासन (पीईकेबी) का दूसरा चरण और कांते एक्सटेंशन कोयला खदान जो खदान शुरू होने से पहले विभिन्न चरणों में हैं को आगामी आदेश तक के लिए रोक दिया गया है।

उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि की सहमति के बिना प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। साथ ही जिलाधिकारी संजीव झा ने बताया कि तीनों खदानें आरआरवीयूएनएल को आवंटित की गई हैं तथा अडानी समूह एमडीओ (माइन डेवलपर और आपरेटर) के रूप में इससे जुड़ा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के जिन खदानों में काम चल रहा है वे खदानें काम करती रहेंगी।



## विधायकों को साथ लेकर हरियाणा निकले सीएम भूपेश होटल में बनेगी रणनीति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** हरियाणा राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की आशंकाओं के बीच छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल विधायकों को लेकर गुरुवार की शाम हरियाणा निकले। चुनाव से पहले सीएम चंडीगढ़ के एक होटल में चुनावी रणनीतियों पर बिसात बिछाएंगे। विधायकों व प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के साथ सीएम भूपेश बघेल रात में बैठक होगी, जिसमें राज्यसभा सीट जीतने की रणनीति बनेगी। रायपुर के मेफेयर होटल से कड़ी सुरक्षा के बीच दो बसों में विधायकों को स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट लाया गया। इस दौरान सीएम भूपेश ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की जीत तय है।

बता दें कि हरियाणा राज्यसभा चुनाव के लिए सीएम भूपेश बघेल को ऑब्जर्वर बनाया गया है। सीएम चुनाव से एक दिन पहले गुरुवार को शाम 5 बजे रायपुर एयरपोर्ट से हरियाणा रवाना हुए। उनके साथ कांग्रेस के सभी 29 विधायक भी हैं। मुख्यमंत्री साढ़े 7 बजे चंडीगढ़ पहुंचेंगे। इसके बाद होटल ताज में हरियाणा चुनाव की रणनीति तय होगी। सीएम भूपेश बघेल के साथ दूसरे पर्यवेक्षक छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद चुने गए राजीव शुक्ला भी होंगे। सीएम चंडीगढ़ के होटल में कांग्रेस के स्थानीय वरिष्ठ नेताओं से मंत्रणा करेंगे। हरियाणा कांग्रेस के 29 विधायक 2 जून से नवा रायपुर के मेफेयर होटल में ठहरे हुए थे, जिन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच एयरपोर्ट लाया गया। पहले विधायकों के शुक्रवार की सुबह जाने की चर्चा थी, लेकिन अचानक कार्यक्रम बदल दिया गया।

### 2016 के राज्यभा चुनाव में हुआ था 'पेनकांड'

दरअसल, हरियाणा में 2016 के राज्यसभा चुनाव के दौरान पेन कांड हुआ था। चुनाव में भाजपा समर्थित सुभाष चंद्रा और इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) व कांग्रेस ने संयुक्त रूप से आरके आनंद को टिकट दिया था। चुनाव में कांग्रेस-इनेलो की जीत तय थी, लेकिन निर्दलीय सुभाष चंद्रा जीत गए। चुनाव में कांग्रेस के 16 विधायकों के वोट निरस्त हो गए थे। इसका कारण यह था कि मतदान के लिए जो खास पेन दिया गया था, उसकी स्याही बदल गई थी। यह राजनीति के इतिहास का वह दांव था, जिसने हरियाणा कांग्रेस के रणनीतिकारों को चारों खाने चित्त कर दिया था।

### सीट जीतने कांग्रेस को 31 विधायक चाहिए

हरियाणा विधानसभा में राज्य सभा की 2 सीटों के लिए चुनाव हो रहे हैं। कांग्रेस ने यहां से अजय माकन को टिकट दिया है। वहीं भाजपा ने कृष्णलाल पंवार को प्रत्याशी बनाया है। पूर्व मंत्री विनोद शर्मा के बेटे कार्तिकेय शर्मा ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया है। हरियाणा में राज्यसभा सीट जीतने कांग्रेस के पास 31 विधायक हैं, लेकिन कार्तिकेय शर्मा की एंट्री ने पेंच फंसा दिया है। कार्तिकेय के ससुर कुलदीप हरियाणा कांग्रेस पार्टी से विधायक हैं। 2 जून को केंद्रीय नेतृत्व ने सभी विधायकों को दिल्ली बुलाया था। उसके बाद सभी को रायपुर रवाना किया गया था।

### विधायकों की खूब हुई मेहमाननवाजी

क्रॉस वोटिंग की आशंका के रायपुर लाए गए विधायकों की खूब मेहमाननवाजी हुई। विधायकों को कड़ी सुरक्षा में रखा गया था। उनसे किसी को मिलने नहीं दिया गया। विधायकों को पिछले एक सप्ताह में 3 बार सही ढंग से मतदान की मॉकड्रिल कराई गई है। विधायकों का गुरुवार को छत्तीसगढ़ प्रवास का आखिरी दिन था। सभी विधायकों को विशेष विमान से चंडीगढ़ ले जाया गया। चंडीगढ़ में सीएम भूपेश अंकगणित कांग्रेस के पक्ष में लाने विधायकों की बैठक लेंगे। सीएम भूपेश बघेल ने कहा, आंकड़े उनके साथ हैं। इस चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी अजय माकन की जीत होगी। भाजपा के लोग हॉर्स ट्रेडिंग में लगे हैं, लेकिन वे सफल नहीं होंगे। दो विधायकों के नहीं आने पर भूपेश बघेल ने कहा कि वे नहीं आए हैं, लेकिन पार्टी के साथ हैं।

## सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल काउंसलिंग की मांग खारिज, कहा- चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता से समझौता ठीक नहीं

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने नीट-पीजी-21 में 1,456 सीटों को भरने के लिए स्पेशल स्ट्रे वेकैंसी राउंड की काउंसलिंग की मांग को खारिज कर दिया, जो अखिल भारतीय कोटा के लिए काउंसलिंग के एक दौर के आयोजन के बाद खाली रह गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने काउंसलिंग के एक विशेष दौर की मांग वाली याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि मेडिकल एजुकेशन की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जा सकता है जो सार्वजनिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। स्ट का कहना है कि अब राहत देने से चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने नीट-पीजी-21 में 1,456 सीटों को भरने के लिए स्पेशल स्ट्रे वेकैंसी काउंसलिंग राउंड की मांग वाली याचिकाओं के एक समूह को शुक्रवार को खारिज कर दिया, जो अखिल भारतीय कोटा के लिए काउंसलिंग के एक दौर के आयोजन के बाद खाली रह गई हैं। जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस अनिरुद्ध बोस की पीठ ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता है जो सार्वजनिक स्वास्थ्य को प्रभावित करेगा।



शीर्ष अदालत ने कहा कि सरकार और मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) का स्पेशल स्ट्रे वेकैंसी काउंसलिंग राउंड नहीं आयोजित करने का फैसला चिकित्सा शिक्षा और जन स्वास्थ्य के हित में है। पीठ ने कहा कि जब केंद्र सरकार और एमसीसी ने किसी विशेष दौर की काउंसलिंग आयोजित नहीं करने के लिए सोच-समझकर फैसला लिया है तो इसे मनमाना नहीं माना जा सकता। इससे पहले स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने बुधवार को शीर्ष अदालत को सूचित किया था कि उसने नीट पीजी-21 के लिए चार दौर की ऑनलाइन काउंसलिंग पूरी कर ली है और सॉफ्टवेयर बंद होने के कारण वह स्पेशल स्ट्रे वेकैंसी काउंसलिंग राउंड आयोजित करके 1,456 सीटें नहीं भर सकते। याचिकाएं उन डॉक्टरों द्वारा दायर की गई है जो नीट-पीजी 2021-22 परीक्षा में उपस्थित हुए थे और ऑल इंडिया कोटा (एआईक्यू) काउंसलिंग और स्टेट कोटा काउंसलिंग के राउंड 1 और 2 में भाग लिया था, जिसके बाद ऑल इंडिया मॉप-अप और स्टेट मॉप-अप राउंड और सात मई को मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) द्वारा ऑल इंडिया स्ट्रे वेकैंसी राउंड के बाद संपन्न हुआ।

## आंगनवाड़ी का खाना खाते ही बच्चों के पेट में हुआ दर्द, सात अस्पताल में भर्ती

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में एक आंगनवाड़ी केंद्र में मिड डे मील खाने से लगभग सात आदिवासी बच्चे बीमार हो गए हैं। खाना खाने के बाद बच्चों ने पेट में दर्द और दस्त की शिकायत की जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान कुछ बच्चे बेहोश हो गए। अधिकारियों का कहना है कि गांव के एक समारोह में मिठाई खाने से बच्चों की तबीयत खराब हुई है।



अधिकारी का कहना है कि यही क्वालिटी वाला खाना कई गांवों में परोसा गया था लेकिन वहां से इस तरह की कोई शिकायत नहीं आई है। अधिकारियों ने बताया कि बच्चे विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह से ताल्लुक रखते हैं और उन्हें फूड पॉइजनिंग हो गई है। उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर है।

जानकारी के अनुसार, जशपुर जिले के बघीचा ब्लॉक के आंगनवाड़ी केंद्र में रेडी टू ईट खाना परोसा गया था। गर्मियों की वजह से शायद खाना बासी हो गया होगा। चूंकी अधिकारियों का कहना है बच्चों ने गांव के एक समारोह में हिस्सा लिया था और वहां कई तरह की चीजें खाई थीं, इससे ऐसा लगता है कि कुछ मिठाईयों से उनकी सेहत पर प्रभाव पड़ा है।

जशपुर के कलेक्टर रितेश अग्रवाल का कहना है कि यह फूड पॉइजनिंग का मामला है। बच्चों द्वारा गांव में भोज खाने और रेडी टू ईट फूड की जांच की जा रही है। जल्द ही इसकी जानकारी सामने आ जाएगी। खाने के सैंपल को इकट्ठा करके जांच के लिए लैब भेज दिया गया है। वहीं बच्चों की निगरानी की जा रही है और उनका सही इलाज सुनिश्चित किया जा रहा है।

इसकी भी जांच की जा रही है कि क्या सभी बच्चों ने आंगनवाड़ी का खाना और ग्राम भोज खाया था। इसके अलावा गांव में बांटी गई मिठाई के स्रोत का पता चल गया है। यह मामला ऐसे समय पर सामने आया है जब एक दिन पहले बिलासपुर में एक नाबालिग लड़की की मौत और लगभग 25 बच्चे पानी पूरी खाने से बीमार हो गए थे।

## बेमेतरा में इलाज कराने पहुंचा हार्डकोर नक्सली गिरफ्तार, माओवादी संगठन का है एरिया कमेटी कमांडर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** बेमेतरा जिले में पुलिस ने एक हार्डकोर नक्सली को गिरफ्तार किया है। नक्सली बेमेतरा के एके मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में उपचार कराने पहुंचा था। रायपुर एसआईटी से मिली सूचना के बाद बेमेतरा पुलिस ने यह कार्रवाई की। नक्सली को कोतवाली थाना लाया गया है, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार नक्सली डोमार सिंह के नाम से अस्पताल में भर्ती हुआ था। वह बस्तर के किसी एरिया कमेटी का कमांडर बताया जा रहा है। माओवादी की गिरफ्तारी किए जाने की पुष्टि बेमेतरा एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने की है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम 4 बजे बेमेतरा पुलिस को रायपुर पुलिस से सूचना मिली कि एक हार्डकोर नक्सली किसी अस्पताल में उपचार कराने पहुंचा है।




इस सूचना के साथ पुलिस ने गोपनीय रूप से अस्पतालों की जांच करवाई। कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि शहर के एके मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में एक नक्सली इलाज कराने पहुंचा है। वह नाम बदलकर अस्पताल में भर्ती हुआ है। पुलिस की टीम ने अस्पताल में दबिश देकर उक्त नक्सली को दबोच लिया। माओवादी को कोतवाली थाने लाया गया है। गिरफ्तार नक्सली से पुलिस पूछताछ कर रही है।

### गिरफ्तार नक्सली से पुलिस कर रही पूछताछ

अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा दुर्गेश वर्मा एवं एसडीओपी एके बर्मन ने एके मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल को सील कर दिया है। गिरफ्तार नक्सली के कांकेर व नारायणपुर जिले में सक्रिय रहने की बातें सामने आई है। पुलिस ने नक्सली के साथ आए सहयोगी को भी गिरफ्तार किया है। माओवादी को कांकेर जिले के किसी डॉक्टर द्वारा इलाज के लिए बेमेतरा में भर्ती कराए जाने की बातें भी सामने आ रही है। पुलिस अभी नक्सली से पूछताछ कर रही है और संभवत: मामले का शुक्रवार को खुलासा करेगी। पुलिस नक्सलियों के शहरी नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है।

## देश में कोरोना: 7000 से ज्यादा नए संक्रमित, 24 की मौत, फिर फैल रही महामारी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश में एक बार फिर कोरोना महामारी सिर उठा रही है। शुक्रवार को बीते 24 घंटे में 7584 नए नए संक्रमित मिले हैं। इस दौरान 24 मौतों ने भी चिंता बढ़ाई है। पिछले 10 दिनों से लगातार मरीज बढ़ रहे हैं। इसे लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। गुरुवार को देश में 7240 मरीज मिले थे, इसकी तुलना में शुक्रवार को 344 मरीज ज्यादा मिले हैं। इसके साथ ही सक्रिय केस भी 3769 बढ़कर कुल 36,267 हो गए हैं। वहीं, 24 और मौतों को मिलाकर अब तक कुल मौतें 5,24,747 हो गई है।

## मल्टीटास्किंग ब्रेन बनाने के चक्कर में हो रहे मर्डर

दीपक रंजन दास



कहा जाता है कि वीडियो गेम्स खेलने से नजर पैनी होती है और मानव मस्तिष्क मल्टीटास्किंग हो जाता है ङ्क अर्थात एक ही समय में कई तरह के काम करने में सक्षम हो जाता है। जरूर होता होगा, पर जब वीडियो गेम्स नशा बन जाए तो मुसीबत बन जाती है। पब्जी एक ऐसी ही मुसीबत है जिसके आदि हो चुके लोग ड्रग एडिक्ट की तरह व्यवहार करने लगे हैं। पब्जी के नशे में चूर लोग, इसके आड़े आने वाली हर चीज को बेदर्दी से हटा देते हैं। दो दिन पहले लखनऊ में एक 16 साल के किशोर ने गोली मारकर अपनी मां की हत्या कर दी। घटना की चश्मदीद गवाह अपनी छोटी बहन को एक कमरे में बंद कर दिया। इससे पहले उसने घर से रुपए चुराए थे जिसपर उसकी मां ने उसकी पिटाई कर दी थी। मार्च में ठाणे के तीन युवकों ने पब्जी विवाद में अपने दोस्त की हत्या कर दी। 2019 में एक 15 वर्षीय किशोर ने पब्जी के चलते ही अपने बड़े भाई की हत्या कर दी थी। पब्जी के कारण हिंसक होते बच्चों के भविष्य को देखते हुए 2020 में भारत सहित 10 देशों ने इसपर प्रतिबंध लगा दिया था। इन देशों में चीन, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, कोरिया, जॉर्डन, नेपाल, इजरायल और इराक जैसे देश शामिल रहे हैं। पर पोर्न साइट्स पर लगाए गए प्रतिबंध की तरह यह भी फुस्सड्डी साबित हुआ। दरअसल भारतीय जुगाड़ू दिमाग पूरी दुनिया के लिए ईर्ष्या का विषय है। तमाम वीडियो गेम्स और लगभग फ्री का इंटरनेट हर खाली दिमाग को व्यस्त कर रहा है। लोग जाने अनजाने में रील्स वीडियो और ऑनलाइन गेम्स पर प्रतिदिन 4 से 8 घंटा खर्च कर रहे हैं। नींद और खान-पान की समस्या, गर्दन और कंधे का दर्द, हाइपरटेंशन अब बच्चों को भी घेर रही है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो आने वाली पीढ़ी का एक बड़ा हिस्सा निकम्मा बनकर देश पर बोझ बन जाएगा। सारा विकास धरा रह जाएगा।







## संपादकीय

# राष्ट्रपति का चुनाव

भारतीय लोकतंत्र के लिए यह किसी उत्सव से कम नहीं कि देश में राष्ट्रपति का चुनाव होने जा रहा है। सन 1950 से अगर हम देखें, तो यह राष्ट्रपति पद के लिए 17वां चुनाव होगा। राष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने तारीखों का एलान कर दिया है। 18 जुलाई को मतदान होगा और 21 जुलाई को देश के नए राष्ट्रपति के नाम का एलान हो जाएगा। ध्यान रहे, मौजूदा राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई को संपन्न होने जा रहा है, उससे पहले ही देश को अपना नया प्रथम नागरिक चुन लेना है। जाहिर है, इस पद के लिए होने वाले मतदान में जनता की सीधी भागीदारी नहीं होती है, लेकिन राष्ट्रपति को लेकर लोगों में कौतूहल बहुत होता है। लोग योग्यतम और निर्विवाद व्यक्ति को इस पद पर देखना चाहते हैं, लेकिन वास्तव में राजनीतिक दल अपने हिसाब से उम्मीदवार चुनते हैं। हालांकि, एक आम आदमी भी कुछ जरूरी योग्यताओं के साथ राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ सकता है, लेकिन ऐसा कम ही होता है। भारतीय लोकतंत्र का ढांचा और राष्ट्रपति चुनाव के प्रारूप को ऐसा बनाया गया है कि जिसमें आम आदमी के लिए भी जगह बन सकती है। लेकिन मतदाता तो विधानसभाओं और संसद के ही सदस्य होंगे। लगे हाथ हम यह भी याद करते चलें कि दो बार ही देश में निर्विरोध राष्ट्रपति बने हैं। साल 1950 में राजेंद्र प्रसाद को अकेले ही आगे किया गया था और उसके बाद 1977 में नीलम संजीव रेड्डी बिना लड़े विजेता घोषित हुए थे। आदर्श स्थिति तो यही है कि विभिन्न दलों के बीच राष्ट्रपति पद को लेकर आम सहमति बने, लेकिन साल 1967 और 1969 में 15-15 उम्मीदवारों ने भाग्य आजमाया था। उसके बाद यह अच्छी बात है कि आठ चुनावों में दो-दो उम्मीदवार ही रहे हैं। मतलब राष्ट्रपति पद के लिए कुल मिलाकर राजनीतिक दलों ने एक गरिमा बनाए रखी है, जिससे वस्तुतः लोकतंत्र को ही मजबूती मिली है। देश में राष्ट्रपति को बहुत आदर भाव से देखा जाता है। अब यह राजनीतिक दलों पर निर्भर है कि वे ऐसे उम्मीदवार को ही आगे करें, ताकि देश का यह सर्वोच्च पद और गरिमामय हो जाए। बहरहाल, राष्ट्रपति चुनाव में ज्यादातर केंद्रीय सत्ताधारी दल या सत्ताधारी गठबंधन की ही तूती बोलती है। आज भाजपा मजबूत स्थिति में है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि उसे भी कुछ विपक्षी दलों की जरूरत पड़ेगी। भाजपा के पास कुल 48.9 फीसदी वोट है और विपक्ष के पास 51.1 फीसदी। मतलब, भाजपा को और 2.2 फीसदी वोट कम से कम जुटाने होंगे। पहला तरीका यही है कि सत्ताधारी दल किसी ऐसे उम्मीदवार को आगे करे, जिस पर विपक्षी दल भी राजी हो जाएं। दूसरा तरीका है, सत्तापक्ष बहुमत जुटाने के लिए विपक्षी दलों में सेंधमारी करे। तो भाजपा को कुछ ऐसे विपक्षियों की जरूरत पड़ेगी, जो पहले कभी साथ थे। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को एकजुट रखने में आधी कामयाबी भी मिली होती, तो सत्ताधारी दल को राष्ट्रपति चुनाव में किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। साल 2017 के चुनाव में राजग के उम्मीदवार रामनाथ कोविंद को 65 फीसदी के करीब वोट मिले थे, लेकिन तब भाजपा राज्यों में कुछ ज्यादा मजबूत थी। अतः सबसे बेहतर उपाय यही है कि भाजपा लोकप्रिय या रणनीतिक रूप से सशक्त उम्मीदवार को आगे करे। वैसे हमेशा की तरह राजनीतिक दल विचारधारा, जाति, संप्रदाय इत्यादि का भी समीकरण देखेंगे, लेकिन आम लोगों को प्रेरक राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति का इंतजार रहेगा।

> अतः सबसे बेहतर उपाय यही है कि भाजपा लोकप्रिय या रणनीतिक रूप से सशक्त उम्मीदवार को आगे करे। वैसे हमेशा की तरह राजनीतिक दल विचारधारा, जाति, संप्रदाय इत्यादि का भी समीकरण देखेंगे, लेकिन आम लोगों को प्रेरक राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति का इंतजार रहेगा।

## अजीब किस्म का राजकाज

बुनियादी सवाल है कि आखिर कार्ड वापस करने का सारा मामला किसके कहने पर चर्चित हुआ? गौरतलब है कि मई महीने की शुरुआत से ही ऐसी खबरें आने लगी थीं। ये खबरें स्थानीय अधिकारियों के हवाले से छप रही थीं। इस खबर पर गौर कीजिए और लगे हाथ उत्तर प्रदेश के लाखों लोगों के असमंजस पर विचार भी कर लीजिए। खबर यह है कि इस राज्य में 50 हजार से ज्यादा लोगों ने वसूली के डर से राशन कार्ड वापस कर दिया। लेकिन अब राज्य सरकार ने कहा है कि वसूली या कार्ड वापसी के बारे में उसने कोई आदेश दिया ही नहीं। तो बुनियादी सवाल है कि आखिर कार्ड वापस करने का सारा मामला किसके कहने पर बहुचर्चित हुआ? गौरतलब है कि मई महीने की शुरुआत से ही इस तरह की खबरें कई जिलों से आने लगी थीं। ये खबरें स्थानीय अधिकारियों के हवाले से छप रही थीं। कई जगह तो डुगडुगी पिटवाकर इस बारे में बाकायदा घोषणा की जा रही थी। इसका असर यह हुआ कि तमाम जिलों में लोग लाइनों में लगकर राशन कार्ड सरेंडर करने लगे। ऐसी खबरें कई दिन तक अखबारों में छपती रहीं, टीवी चैनलों पर दिखाई जाती रहीं। नतीजतन लोग लाइनों में लगकर राशन कार्ड सरेंडर करने लगे। तब लेकिन ना तो स्थानीय अधिकारियों ने और ना ही राज्य सरकार की ओर से इस बारे में कोई स्पष्टीकरण दिया गया। उसके बाद कांग्रेस पार्टी ने लखनऊ में एक प्रेस कांफ्रेंस की और राशन कार्ड के कथित नए नियमों और राशन वसूली को लेकर सरकार पर जमकर निशाना साधा।

पार्टी ने कहा कि भाजपा सरकार ने वोट लेने के लिए अपने नेताओं की तस्वीर लगे झोलों में भरकर खूब राशन बांटे। अब वही लोगों से उस राशन की वसूली करने पर उतारू है। इसके तुरंत बाद राज्य के खाद्य एवं रसद आयुक्त सौरव बाबू की ओर से एक बयान जारी किया गया। उसमें कहा गया कि ये सारी खबरें फर्जी और भ्रामक हैं। किसी तरह की वसूली करने या फिर राशन कार्ड सरेंडर करने के कोई आदेश जारी नहीं किया गया है।

> भारत अपने घरेलू मोर्चे पर खुद समृद्ध होता रहेगा और राष्ट्रों के समूह में भारत का कद बढ़ता रहेगा। एक प्राचीन सभ्यता के रूप में आज की दुनिया में अपना सही स्थान पा रहा है, भारत को विश्व गुरु के रूप में स्वीकार किया जाएगा - एक आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर राष्ट्र जो नेतृत्व और प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सचमुच और निसंदेह भारत की नियति को बदल दिया है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने बदल दी भारत की नियति

अनुराग सिंह ठाकुर

राजनीति में सात दिन एक लंबा समय हो सकता है, लेकिन किसी देश के इतिहास में आठ साल का समय बहुत कम होता है। फिर भी, इस कम समय में, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की वैश्विक प्रोफाइल को बड़े पैमाने पर ऊपर उठाया है और विश्वगुरु के रूप में राष्ट्र के खोए हुए गौरव, प्रतिष्ठा और गरिमा को बहाल किया है। जैसा कि हम प्रधानमंत्री के रूप में उनके नेतृत्व के नौवें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, भारत न केवल घरेलू मोर्चे पर बल्कि दुनिया में भी आगे बढ़ेगा। भारत की नियति का मार्ग दृढ़ता से निर्धारित किया गया है।

राष्ट्रीय हित को पारंपरिक भू-राजनीति से ऊपर रखने की प्रधानमंत्री श्री मोदी की 'इंडिया फर्स्ट' नीति ने निस्संदेह विदेशों में भारत के उदय को प्रेरित किया है। हार्ड और सॉफ्ट पावर प्रोजेक्शन का एक निपुण संयोजन, प्रौद्योगिकी में भारत की विशेषज्ञता के एक मजबूत प्रदर्शन के साथ युग्मित है और इनका इस्तेमाल यह सुनिश्चित करेगा कि चौथी औद्योगिक क्रांति के दौरान हम कोई मौका नहीं गवाएंगे और इसने 'इंडिया फर्स्ट' नीति में जान डाल दी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा भारत की सभ्यतागत विरासत और इसकी संस्कृति को बेरोक-टोक बढ़ावा दिए जाने से इसे ताकत मिली है।

पिछली सरकारों ने भारत की सॉफ्ट पावर को प्रोजेक्ट करने की कोशिश की, लेकिन उन प्रयासों का सीमित प्रभाव पड़ा। पर्यटन से संबंधित बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित किए बिना पर्यटन को बढ़ावा देना, या भारत की बहु-रंगी अपील को केवल एक स्मारक तक सीमित करना, या इससे भी बदतर, लोकप्रिय संस्कृति के सबसे निचले हिस्से को भारत की विरासत के रूप में प्रदर्शित करना, इन सब ने सॉफ्ट पावर के मोर्चे पर भारत के उदय को रोक दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस दृष्टिकोण में व्यापक बदलाव लाए हैं, कैनवास को बड़ा किया है और पूरक तत्वों को शामिल किया है। उदाहरण के लिए, इस प्राचीन भूमि से दुनिया को एक उपहार के रूप में योग अब दुनिया भर में एक घरेलू नाम है, संयुक्त राष्ट्र को 21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' घोषित करने और भारत की इस अनूठी सभ्यतागत विरासत को लोकप्रिय बनाने के लिए कई पहलों के साथ इसका समर्थन करने की पहल के लिए धन्यवाद।

अतीत में, 'वसुधैव कुटुम्बकम' एक खाली नारा बन गया था, एक क्लिच जो अपने मजबूत नैतिक अर्थ को खो चुका था। 'विश्व एक परिवार है' कहना और भारत के सभ्यतागत लोकाचार में निहित इस शाश्वत सत्य को जीना दो अलग-अलग चीजें हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने दिखा दिया है कि भारत न केवल अपने प्राचीन संतों के ज्ञान और अपने प्राचीन ग्रंथों में निहित इस कहावत में विश्वास करता है, बल्कि इसे जीता भी है। इसलिए, जब विकसित दुनिया ने कोविड-19 वैक्सीन के साथ दूसरों की मदद करने में अनिच्छा दिखाई, तो प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पड़ोसियों के साथ-साथ दूर के देशों की भी मदद करने के लिए कदम बढ़ाया। हाल के दिनों में कई मायनों में, 'वैक्सीन मैत्री' भारत का सबसे बेहतरीन क्षण था जब हमने दुनिया को दिखाया कि हम एक राष्ट्र और एक सभ्यता के रूप में अलग हैं; कि हम विकसित दुनिया के इस विचार से सहमत नहीं हैं कि हमें भी प्रतिकूल स्थितियों का लाभ लेना चाहिए'।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के लिए 'वसुधैव कुटुम्बकम', केवल महामारी सहायता को लेकर ही नहीं है। भारत पहला देश था जिसने आपदा राहत के साथ संपर्क किया जब नेपाल में एक भयानक भूकंप आया, इसके बाद ही इस क्षेत्र के अन्य देशों ने इस संबंध में कार्रवाई की। ऐसे समय में जब श्रीलंका अशांत समय से गुजर रहा है, भारत ने संकट से निपटने में मदद के लिए बेझिझक कदम बढ़ाया है। काबुल के पतन और तालिबान के उदय के बाद दुनिया ने अफगानिस्तान से मुंह फेर लिया है। इस महत्वपूर्ण घटना के सुरक्षा निहितार्थों के बावजूद, भारत ने अफगानिस्तान के लोगों को खाद्य राहत प्रदान करना चुना है। अतीत में, यह भारत ही था जिसने अफगानों को एक संसद भवन उपहार में दिया था और अफगानिस्तान के सबसे महत्वपूर्ण बांधों में से एक का निर्माण किया था।

'वसुधैव कुटुम्बकुम' के उदात्त सिद्धांत को जीने वाले, जिस तरह से हम दुनिया को देखते हैं और उससे जुड़ते हैं, उसमें मूल्यों को बहाल करने की भारत की सूची उतनी ही लंबी है, जितना कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण व्यापक है। उदाहरण के लिए, मजबूर घरेलू कारणों से गेहूं के निर्यात पर रोक लगाते हुए भी, भारत ने यह अच्छी तरह स्पष्ट कर दिया है कि जिन देशों को गेहूं की जरूरत है, उन्हें मामला-दर-मामला आधार पर गेहूं उपलब्ध कराया जाएगा। इस निर्णय के पीछे यह गहरा नैतिक विचार है कि यदि विश्व एक परिवार है तो खाद्य सुरक्षा अकेले भारत के लिए नहीं हो सकती। जबकि अन्य विश्व नेता मूल्यों और सिद्धांतों के लिए लिप सर्विस करते हैं, प्रधानमंत्री श्री मोदी ऐसे मूल्यों और सिद्धांतों को सुनिश्चित करते हैं जो दुनिया के साथ भारत के जुड़ाव का मार्गदर्शन करते हैं।



'डिजिटल इंडिया' की कहानी इतनी चर्चित है कि फिर से बताने की जरूरत नहीं। अब हम तीसरी सबसे बड़ी संख्या में स्टार्टअप की मेजबानी करते हैं और 100 यूनिकॉर्न का दावा करते हैं। हमारे पास बेहतरीन यूपीआई में से एक है जिसने डिजिटल भुगतान को अन्य देशों की तुलना में कहीं अधिक लोकप्रिय बना दिया है। दुनिया के सबसे बड़े कोविड-19 टीकाकरण अभियान का प्रबंधन और निगरानी डिजिटल रूप से की गई। डिजिटल समावेशन प्रधानमंत्री श्री मोदी की 'डिजिटल इंडिया' नीति की आधारशिला रहा है। दूसरे देशों के विपरीत, हम प्रौद्योगिकी साझा करने के इच्छुक हैं। जलवायु पर, भारत ने अक्षय ऊर्जा, विशेष रूप से सौर ऊर्जा, सशक्त विकास और हरित निवेश के मार्ग का नेतृत्व किया है, जो अनिच्छुक लोगों के लिए एक प्रकाशस्तंभ के रूप में कार्य कर रहा है।

हम जो यह अभूतपूर्व उत्साह देखते हैं, भारतीयों में विश्वास है कि वे ऐसा कर सकते हैं क्योंकि प्रधानमंत्री श्री मोदी का मानना है कि यह किया जा सकता है, यह सब व्यापक है। हमारे खिलाड़ी, 'यंग इंडिया' के बेहतरीन उदाहरणों में से और 'कैन डू' मोदी मंत्र से प्रेरित हैं, उत्कृष्ट हैं और घरेलू ट्राफियां ला रहे हैं जिनका हम पहले केवल सपना देख सकते थे। बॉलीवुड अब केवल एक निश्चित किस्म की लोकप्रिय संस्कृति के बारे में नहीं है। हमारे बेहद प्रतिभाशाली फिल्म उद्योग ने विश्व स्तर की विषय-सामग्री का निर्माण करने के लिए रचनात्मकता, संस्कृति और प्रौद्योगिकी को संयोजित करने के लिए आगे कदम बढ़ाया है जो विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकता है। मनोरंजन मीडिया और प्रौद्योगिकी ने भारत को एक विषय-सामग्री उप-महाद्वीप बनाने के लिए मूल रूप से विलय कर दिया है, जो दुनिया भर में सामग्री उत्पादकों के लिए एक आदर्श मंच है। भारत विषय-सामग्री का सबसे बड़ा उपभोक्ता और उत्पादक दोनों बनने की ओर अग्रसर है। हाल ही में, भारत को कान्स में इस साल के 'कंट्री ऑफ ऑनर' के रूप में नामित किया गया है।

भारत की विशालता - और इस महान राष्ट्र के बारे में दुनिया को अभी तक क्या पता चला है - इसका उदाहरण प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा विश्व के नेताओं के लिए दिए गए उपहारों से है। कोई भी दो उपहार एक जैसे नहीं होते, कोई भी दो उपहार एक ही जगह से नहीं आते। प्रत्येक अद्वितीय है, प्रत्येक अपने सच्चे अर्थों में भारत की सॉफ्ट पावर के महान मोज़ेक के एक छोटे से टुकड़े का प्रतीक है; प्रत्येक एक सभ्यतागत राष्ट्र के रूप में भारत की ऊंचाइयों और उपलब्धियों की महानता का जश्न मनाता है। भारत आज मंगल और चंद्रमा पर मिशन भेज सकता है ; भारत सुपरसोनिक मिसाइल और एयरक्राफ्ट कैरियर बना सकता है ; भारत बेहतरीन रचनात्मक चिंतन पैदा कर सकता है; भारत बुनियादी ढांचे की कमी को तेजी से पूरा कर सकता है; भारत अन्य देशों की तुलना में एक महामारी का बेहतर प्रबंधन कर सकता है और अपनी अर्थव्यवस्था को किसी अन्य देशों की तुलना में तेजी से पुनः आगे बढ़ा सकता है; भारत गरीबी और असमानता को प्रभावी ढंग से कम कर सकता है; और, भारत दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में खड़ा हो सकता है।

जैसा कि भारत अपनी स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है, यह माना जाना चाहिए कि इन आठ वर्षों में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आने वाले दशकों के लिए भारत के बेरोक-टोक उत्थान की नींव रखी है। भारत अपने घरेलू मोर्चे पर खुद समृद्ध होता रहेगा और राष्ट्रों के समूह में भारत का कद बढ़ता रहेगा। एक प्राचीन सभ्यता के रूप में आज की दुनिया में अपना सही स्थान पा रहा है, भारत को विश्व गुरु के रूप में स्वीकार किया जाएगा - एक आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर राष्ट्र जो नेतृत्व और प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सचमुच और निसंदेह भारत की नियति को बदल दिया है।

**( लेखक भारत के केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा खेल एवं युवा कार्य मंत्री हैं )**

# भारतीय क्रिकेट में लड़कियों की कहानी बदल गई मिताली

स्नेहल प्रधान, पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर

मिताली राज का स्ट्राइक रेट ज्यादा नहीं है, लेकिन उनके पास 7,805 एकदिवसीय रन हैं। वह 7,000 से अधिक एकदिवसीय रन बनाने वाली एकमात्र क्रिकेट खिलाड़ी हैं। एकदिवसीय में उनका औसत 50.68 है। 22 साल से अधिक का खेल जीवन है, लेकिन उनका करियर स्ट्राइक रेट ज्यादा नहीं है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि उन्होंने ऐसे समय में भी क्रिकेट खेला था, जब गेंदों की संख्या हमेशा दर्ज नहीं की जाती थी। पिछली सदी में उन्होंने 1999 में अंतरराष्ट्रीय खेल की शुरुआत की थी।

मेरे पास मिताली की आखिरी अंडर-19 टूर्नामेंट खेलने की यादें हैं। यह आयोजन आंध्र प्रदेश के करीमनगर में हुआ था या शायद बिहार के हजारीबाग में। उन खेलों के स्कोरकार्ड भी नहीं बचे हैं। मुझे याद है, एक 19 वर्षीय लड़की चौड़ी टोपी और एक या दो चोटी के साथ खेल रही थी। वह हम में से एक थी। बंजर मैदान पर अपने घुटने छिलवाते हुए। एक ही शयनकक्ष में बाकी लड़कियों की तरह ही फर्श पर बिछे गद्दों पर वह सोती थीं। उनके पास भी हमारी जैसी ही कहानियां थीं। हम ट्रेन से पूरे देश में यात्राएं करते थे, अक्सर अनारक्षित सीटों पर, छेड़छाड़ करने वालों की मिलकर पिटाई करते थे, लेकिन वह तब भी कुछ अलग ही कहानियां लिख रही थीं। वह पहले से ही अंतरराष्ट्रीय स्टार थीं, अपने करियर में सिर्फ तीन साल में, 19 की उम्र में टेस्ट में दोहरा शतक जड़ चुकी थीं। अपनी शुरुआत से 2006 तक मिताली ने महिला क्रिकेट को गुमनामी से बाहर निकाला, यह सुनिश्चित किया कि आम आदमी हमारे खेल को कभी न भूल सके। वह लोगों को आकर्षित नहीं करती थीं, उनके रन लोगों का ध्यान खींचते थे। 16 की उम्र में एकदिवसीय क्रिकेट में पदार्पण करते ही उन्होंने शतक जड़ दिया था। टेस्ट मैच में दोहरे शतक ने उन्हें महिला टेस्ट क्रिकेट में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोरर बना दिया था। अगर इसके बावजूद आप महिला क्रिकेट को भूलने लगें, तो उन्होंने साल



2005 में भारत को पहली बार महिला विश्व कप के फाइनल में पहुंचाकर लोगों को झकझोरा था। घुटने की चोट के बावजूद उन्होंने सेमीफाइनल में अर्द्धशतक लगाया था। तब खेला गया फाइनल उस विश्व कप से सीधा प्रसारित एकमात्र मैच था। महिला क्रिकेट को जब कम देखा जाता था, तब भी मिताली रोशनी बिखेरती थीं। फिर बीसीसीआई ने 2006 में महिला क्रिकेट को ढंग से चलाना शुरू किया। बीच-बीच में महिला क्रिकेट को दरकिनार किया गया, लेकिन मिताली लगातार बनी रहीं, शायद कभी आउट ऑफफॉर्म नहीं हुईं। अपने करियर के 22 कैलेंडर वर्ष में से 19 में उनका औसत 40 से ऊपर ही रहा।

हम संख्या देखते हैं, लेकिन जो हमने नहीं देखा, वह है उनका दर्द से गुजरना। मुझे 2008-09 का ऑस्ट्रेलिया दौरा याद है, जहां वह बल्लेबाजी कर रही थीं और मैं उन्हें दर्द निवारक दवाएं पहुंचा रही थी। उनके घुटनों में इतना दर्द था कि उनके चलने का अंदाज बदल गया था। अगर बीसीसीआई की चिकित्सा सुविधाएं न होतीं और उनमें इच्छाशक्ति नहीं होती, तो शायद हम उन्हें तभी खो देते। खैर, खेल प्रशासन ने महिला क्रिकेट पर ध्यान दिया। हां, व्यावसायिकता में देरी हुई। भारतीय बोर्ड ने 2015 में केंद्रीय अनुबंध पेश किए और मिताली लगातार डटी रहीं। और फिर हुआ 2017 का विश्व कप। मिताली ने उस टूर्नामेंट में स्वर्णिम दौड़ में भारत का नेतृत्व किया। लगातार सातवीं बार 50 से ज्यादा स्कोर के साथ उन्होंने शुरुआत की थी। हम दूसरी बार विश्व कप फाइनल में पहुंचे थे। हम फाइनल में कामयाब नहीं हुए, लेकिन टीम के प्रदर्शन ने लोगों को जगा दिया। उस टूर्नामेंट से पहले मिताली के 7,000 से कम ट्विटर फॉलोअर्स थे; आज 90.5 लाख से ज्यादा हैं। ये केवल आंकड़े नहीं हैं, ये ऐसे मुकाम हैं, जिन्हें मिताली ने छुआ है। मिताली की सबसे बड़ी विरासत उनके द्वारा बनाए गए रन या उनके द्वारा जीते गए मैच नहीं हैं। उनकी विरासत है कि उन्होंने क्रिकेट में लड़कियों की कहानी बदलने में मदद की है। उन्होंने कभी गली क्रिकेट नहीं खेली, लेकिन अब हजारों लड़कियां खेलती हैं। उन पर एक बायोपिक आने वाली है और वह प्रधानमंत्रियों तक पहुंच रखती हैं। उन्होंने हर महत्वाकांक्षी महिला क्रिकेटर से कहा है, यही कहानी आपकी भी हो सकती है।

मिताली राज भारतीय क्रिकेट की पहचान का एक बड़ा हिस्सा हैं। यहां तक कि जब महिला क्रिकेट को कोई नहीं जानता था, तब भी लोग मिताली राज और उनकी साथी खिलाड़ी झूलन गोस्वामी को जानते थे। उन्हें सिर्फ स्ट्राइक रेट से नहीं मापा जा सकता। वह एक ऐसी महिला हैं, जिनके समग्र प्रभाव का आकलन नहीं हो सकता।

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239
























श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



# कांग्रेस का नव संकल्प शिविर का आयोजन 15 जून को भिलाई में, तैयारियों को लेकर हुई बैठक

श्रीकंचपथ न्यूज

भिलाई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ में कांग्रेस कमेटी का दो दिवसीय नव संकल्प शिविर में लिए गए निर्णय अनुसार कांग्रेस संगठन को सक्रिय रखने के लिए छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिलों में अब संकल्प शिविर होगा। इसी परिपेक्ष में तैयारी एवं सफल आयोजन के लिए भिलाई जिले के प्रभारी लाल जी चंद्रवंशी ने संगठन की अहम बैठक ली जिसमें 15 जून को नव संकल्प शिविर आयोजित किया जाएगा।



जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि हमें राज्य सरकार की उपलब्धि और अपनी सरकार की योजनाओं को लेकर जनता के बीच जाना है। जिले की सभी विधानसभा में भारत जोड़ो पदयात्रा निकाली जाएगी और आजादी के 75 वीं वर्षगांठ पर राजधानी में बड़ा आयोजन होगा।

विधायक देवेंद्र यादव ने कहा की आगामी 15 जून 2022 को नव संकल्प शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसमें मुख्य रूप से सत्ता एवं संगठन पर चर्चा कृषि एवं खेतिहर मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा सामाजिक न्याय व सशक्तिकरण पर चर्चा महंगाई बेरोजगारी एवं आमजन से जुड़े मुद्दे, वर्तमान अर्थव्यवस्था पर चर्चा की जाएगी।

प्रदेश महामंत्री जितेंद्र साहू ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत कर सरकार के कामों का प्रचार करते हुए वर्ष 2023 में फिर से छत्तीसगढ़ में सरकार की वापसी करनी है। साथ ही 2024 में लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की 11 सीटे जीतना हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

बैठक में जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर,विधायक देवेंद्र यादव,पूर्व विधायक भजन सिंह निरंकारी, बदरुद्दीन कुरैशी, श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर,भिलाई महापौर नीरज पाल,रिसाली महापौर श्रीमती शशि सिन्हा,प्रदेश महामंत्री जितेंद्र साहू अरुण सिंह सिसोदिया,ऑल इंडिया प्रोफ़ेसर कांग्रेश के प्रदेश अध्यक्ष छितिज चंद्राकर, भिलाई निगम के एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू मुख्य रूप से उपस्थित थे शिविर में मुख्य रूप से जिले में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी जिले के विधायक एवं पूर्व विधायक नगर निगम के महापौर निर्वाचित सभी सदस्य गण जिला कांग्रेस कार्यकारिणी के पदाधिकारी, ब्लॉक एवं जोन कमेटी के अध्यक्ष,सेवादल,महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस,एनएसयूआई के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी,तथा जिला स्तरीय समस्त प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गण,उपस्थित रहेंगे।

# विधायक विनय भगत द्वारा कस्टमर आउटरीच प्रोग्राम का शुभारम्भ किया गया

श्रीकंचपथ न्यूज

जशपुरनगर।आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 6 से 12 जून 2022 तक मनाए जा रहे आइकॉनिक सप्ताह के तहत भारतीय स्टेट बैंक से सम्बद्ध जिला अग्रणी बैंक द्वारा वशिष्ट कम्युनिटी हॉल में विगत दिवस कस्टमर आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्री विनय भगत द्वारा कस्टमर आउटरीच प्रोग्राम का शुभारम्भ किया गया।




इस अवसर पर उन्होंने लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र एवं चेक प्रदान किया गया। श्री भगत ने समाज के हर वर्ग केलोगों को बैंकिंग सुविधा देने के लिए बैंक के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि कृषि कार्य और व्यवसाय आदि हेतु बैंक से लिए गए ऋण को समय परचुकाएँ और बैंक की विभिन्न जमा एवं ऋण योजनाओं का लाभ लें।

जिला अग्रणीबैंक प्रबन्धक पेत्रुस ओड़ेया ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 111,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 71 और अटल पेंशन योजना में 93 ग्राहकोंका पंजीयन किया गया तथा विभिन्न ऋण योजनाओं में 113 ऋण प्रकरणों में 3करोड़ 88 लाख रूपये का ऋण स्वीकृत किया गया है। इस अवसर पर समर्पित संस्था के रीजनल अधिकारी दुर्गा प्रसाद शर्मा द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता के तहत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, बैंकिंग लेन-देन के सम्बन्ध में तथा विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव आदि के बारे विस्तार से बताया गया।

## खास खबर

### आरटीई में ऑनलाईन लॉटरी की पारदर्शी प्रक्रिया से निजी विद्यालयों में प्रवेश




**राजनांदगांव।** नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 (आरटीई) अंतर्गत अलाभान्वित समूह के विद्यार्थियों को निजी विद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। प्रदेश में यह प्रक्रिया वर्ष 2018 से प्रारंभ की गई है। प्रवेश के लिए ऑनलाईन लॉटरी की प्रक्रिया अपनाई जाती है, जो कि पूर्णत: आरटीई पोर्टल के माध्यम से स्वमेव होता है, यह एक पारदर्शी प्रक्रिया के तहत की जाने वाली कार्रवाई है। इस प्रक्रिया में किसी प्रकार का कोई मानवीय दखल नहीं है और स्कूल शिक्षा विभाग के किसी भी स्तर के कर्मचारी-अधिकारी का कोई हस्तक्षेप मान्य नहीं है। संचालक लोक शिक्षण ने बताया है कि शासन के नियम निर्देशों के अनुसार आरटीई के तहत विद्यार्थियों को निजी स्कूलों में प्रवेश देने की प्रक्रिया अपनाई जाती है। इसके लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जाने के बाद प्राप्त आवेदनों को नोडल अधिकारी द्वारा दस्तावेजों की जांच की जाती है। दस्तावेज परिक्षण के दौरान जो आवेदन सही पाए जाते हैं उन्हीं आवेदनों को नोडल अधिकारी द्वारा मान्य किया जाता है। इसके बाद ऑनलाईन लॉटरी की प्रक्रिया अपनाई जाती है, जो कि पूर्णत: आरटीई पोर्टल के माध्यम से स्वमेव होता है, यह एक पारदर्शी प्रक्रिया के तहत की जाने वाली कार्रवाई है। प्रथम चरण में लॉटरी के बाद संबंधित विद्यालय की सीट नहीं भरने की स्थिति में पुन: नवीन आवेदन आमेंत्रित करते हुए शेष आवेदकों को भी संशोधन का विकल्प दिया जाता है, ताकि आवेदक द्वारा चाहे गए विद्यालयों में सीट भरने की स्थिति में अन्य विद्यालयों का चयन कर सकें।

# डॉक्टरों ने अपनी जान जोखिम में डाल कर बचाया लोगों का जीवन : मुख्यमंत्री

श्रीकंचपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान डॉक्टरों और स्वास्थ्य अमले ने अपनी जान जोखिम में डाल कर लोगों का जीवन बचाया। इनके सेवाभाव से कोरोना की लड़ाई में सफलता मिली। डॉक्टरों और चिकित्सा संस्थानों के योगदान की जितनी प्रशंसा की जाए कम है।




मुख्यमंत्री ने यहां अपने निवास कार्यालय परिसर में कोविड-19 संकट के दौरान चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए डॉक्टर्स व निजी चिकित्सा संस्थानों को हेल्थ प्राइड अवार्ड से सम्मानित करते हुए इस आशय के विचार प्रकट किए। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों और संस्थानों के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

गौरतलब है कि पत्र समूह द्वारा 32 डॉक्टरों और चिकित्सा संस्थानों को हेल्थ प्राइड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। पद्मश्री डॉ. ए.टी. दाबके और डॉ. पी.एस. देशपाण्डे को लाइफटाइम एचिवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। नगर-निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, देवेश सिंह, स्टेट एडिटर शिव दुबे, समाज सेवी शांतिलाल बरड़िया भी इस अवसर पर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण के समय युद्ध से भी अधिक भयानक स्थिति थी। युद्ध में तो हम दुश्मन को पहचानते हैं, लेकिन कोरोना महामारी के नियंत्रण के लिए एक अज्ञात दुश्मन से लड़ाई लड़नी थी।

चिकित्सकों और वैज्ञानिकों ने इस चुनौती को स्वीकार कर स्वयं की जान को जोखिम में डालकर कोरोना के नियंत्रण में सफलता पाई है। आज हम चिकित्सकों और संस्थानों को सम्मानित कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। श्री बघेल ने कहा कि कोरोना संक्रमण के दौरान मरीजों के उपचार के लिए राज्य सरकार द्वारा ऑक्सीजन, दवाई, बेड सहित उपचार के लिए जरूरी अन्य सभी चीजें तत्काल उपलब्ध कराई। इंडस्ट्रीयल ऑक्सीजन का उत्पादन करने वाला उद्योगों को मेडिकल ऑक्सीजन के उत्पादन का लाइसेंस दिया, जिसके कारण छत्तीसगढ़ में ऑक्सीजन की कमी नहीं हुई और छत्तीसगढ़ से दूसरे राज्यों को भी ऑक्सीजन की सप्लाई की गई।

देश में सबसे पहले कोरोना नियंत्रण के लिए प्रोटोकॉल और लॉकडाउन से संबंधित दिशा निर्देश छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जारी किया गया। इसके बाद केंद्र सरकार ने इसका अनुसरण कर पूरे देश में लागू किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब सिकलसेल के इलाज के लिए काम करने की आवश्यकता है। सभी जिला चिकित्सालयों में हमर लैब की स्थापना की जा रही है, जहां 120 प्रकार की जांच नि:शुल्क की जाएगी। यदि कम उम्र में सिकलसेल से पीड़ित बच्चों की पहचान होगी, तो उनका इलाज भी किया जा सकेगा, उनका जीवन भी बचाया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराकर समुचित इलाज के लिए प्रबंध किया जा रहा है।

शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना से लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच रही हैं।

काफी कम समय में हमें चार मेडिकल कॉलेज मिले हैं। मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान को अच्छी सफलता मिली है।

# अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस 26 को

श्रीकंचपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस 26 जून को मनाया जाएगा। जनसमुदाय की सहभागिता से नशापान के विरूद्ध व्यापक जनमत तैयार करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने विभिन्न विभागों को संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा इस संबंध में ज्ञापन भी जारी किया गया है। नशे की रोकथाम के लिए समुदाय में जागरूकता लाने की आवश्यकता है। ग्राम पंचायत स्तरों पर गठित भारत माता वाहिनी को नशा मुक्ति कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए निर्देश दिया गया है। रेडियो एवं दूरदर्शन से नशा मुक्ति कार्यक्रमों का प्रसारण, सभी विभागों के समन्वय से नशापान के विरूद्ध समुचित कार्यवाही, यथासंभव नशा पीड़ितों से प्रत्यक्ष संवाद कर उन्हें नशा मुक्ति के दुष्परिणामों की जानकारी देना, नशा मुक्ति साहित्यों का वितरण, सोशल मीडिया में प्रेरक स्लोगन, चित्रों आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार, नशा तथा एड्स प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार और विद्यार्थियों में नशापान के विरूद्ध जागरूकता लाने के लिए कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यार्थियों में नशापान के विरूद्ध जागरूकता लाने के लिए विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और विद्यालयों में नशापान न करने के लिए प्रेरक उद्बोधन संबंधी कार्यक्रम कराने कहा गया है। कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के पालन करते हुए जनसामान्य की सहभागिता एवं विभिन्न विभागों के सहयोग से नशा निवारण दिवस का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं।

# राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से हिमाचल प्रदेश और गुजरात के राज्यपाल ने की मुलाकात

श्रीकंचपथ न्यूज

**रायपुर।** विगत दिवस हिमाचल प्रदेश के शिमला प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ की सुश्री अनुसुईया उइके ने हिमाचल प्रदेश के राजभवन में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर एवं गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत से मुलाकात की। इस भेंट के दौरान राज्यपाल सुश्री उइके ने देश प्रदेश की वर्तमान परिस्थिति, सामाजिक सद्भाव एवं जनता के विभिन्न समस्याओं के संबंध में चर्चा की। साथ ही राज्यपाल ने राजभवनों में किए जा रहे नवाचार एवं गतिविधियों के संबंध में संबंधित राज्यपालों से विचार-विमर्श किया।



इस अवसर पर सुश्री उइके ने प्रदेश के नागरिकों को उनके अधिकारों की रक्षा एवं भारत शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के संबंध में राज्यपालों से चर्चा की। साथ ही राज्यपालों से शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन लाने के लिए घोषित राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन किस प्रकार किया जा सके इस पर भी विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश की सम्मान की प्रतीक टोपी पहना कर छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री उइके तथा गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत का सम्मान किया साथ ही सुश्री अनुसुईया उइके ने भी गुजरात एवं हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया।

# एमएसएमई द्वारा आयोजित ऑनलाईन कार्यशाला में कैट सीजी चैप्टर एवं चेम्बर हुआ शामिल

श्रीकंचपथ न्यूज

रायपुर। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीड़िया प्रभारी संजय चौंबे ने बताया कि आज ड्राफ़्ट एमएसएमई पॉलिसी के लिए ऑनलाइन वर्कशॉप दिनांक 9/6/2022 दोपहर 12 बजे शुरू हुआ।

जिसमें बिहार , झारखंड , पश्चिम बंगाल , छत्तीसगढ़ और उड़ीसा राज्य के एमएसएमई डायरेक्टर और उद्योग एवं व्यापार से सम्बंधित संस्था को आमंत्रित किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ से छत्तीसगढ चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड़ इण्ड़स्ट्रीज प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी एवं कैट सी.जी. चैप्टर एमएसएमई प्रदेश प्रभारी मोहम्मद अली हिरानी शामिल रहे।

कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड़ इण्ड़स्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी एवं कैट के एमएसएमई प्रदेश प्रभारी मोहम्मद अली हिरानी ने बताया कि प्रस्तावित ड्राफ़्ट जो बना है, उसमें ईज़ ऑफ़ डूइंग बिजनेस , ऐक्सेस टू क्रेडिट एंड रॉ मटीरीयल्ज़ , इम्प्रूविंग आर एण्ड डी, ग्लोबल एंड डमेस्टिक मार्केट , अडाप्टिंग मॉडर्न एंड अफ़ॉर्डबल टेक्नालजीज़ , लैक ओफ़ मार्केटिंग प्लाट्फ़ॉर्म , डिस्ट्रिब्यूशन नेट्वर्क , अफ़ॉर्डबल स्किल्ड लेबर , रिवीजन इन लेबर लॉज़ (क़ानून), डिजिटल सपोर्ट फ़ोर एमएसएमई, प्रटेक्टिंग स्टार्टअप्स , स्किल डिवेलप्मेंट ओफ़ लेबर , क्राइसिस मैनिजमेंट फ़ंड , लेजिस्लेटिव एंड रेगुलेट्री फ़्रेम वर्क , ऑनलाइन ग्रीवन्स रेडरेसल, टेक्नॉलजी अपग्रेडेशन , क्लस्टर डिवेलप्मेंट , प्रॉक्यरमेंट ओफ़ प्रॉडक्ट्स को ड्राफ़्ट पॉलिसी में जगह दी गई है। केवल ज़रूरत इसको ईमानदारी से लागू करने की है, और इसकी जानकारी सभी व्यापारियों तक पहुँचाने की है।

श्री पारवानी एवं श्री हिरानी ने आगे कहा कि सरकार द्वारा समय-समय पर पालिसीयों में वर्तमान आवश्यकतानुसार सुधार किया जाता है। चूंकि कैट एक अखिल भारतीय व्यापारियों का सबसे बड़ा संगठन है। लिंक के अनुसार डाटा एकत्र कर सरकार को नई पालिसीयां में व्यापारिक हितों का ध्यान रखते हुए सुधार करने हेतु आग्रह किया जायेगा। इसी तारतम्य में कैट सी.जी. चैप्टर द्वारा व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों से अनुरोध है कि अपने-अपने संगठनों के सदस्यों को इस लिंक के माध्यम से समग्र जानकारी भरने हेतु प्रेरित करे। ताकि पालिसीयों में व्यापारिक हितार्थ बदलाव हेतु सरकार से आग्रह किया जा सके।

# पुलिस ने जन चौपाल लगा ग्रामीणों को दी साईबर फ्राड से बचने की जानकारी

श्रीकंचपथ न्यूज

सूरजपुर। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देश पर जिले की पुलिस के द्वारा लगातार जन चौपाल लगाकर आमजनता को साईबर फ्रॉड से बचाव सहित कई अन्य जरूरी जानकारियों से अवगत कराकर उन्हें जागरूक किया जा रहा है।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में बुधवार को थाना प्रेमनगर पुलिस के द्वारा ग्राम बकिरमा में जन चौपाल का आयोजन किया गया जहां काफी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस अधिकारियों के द्वारा साईबर फ्राड से बचाव, बाईक चलाते समय हेलमेट की उपयोगिता, यातायात नियमों की जानकारी, महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधान, महिला सुरक्षा एप अभिव्यक्ति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा एवं देखभाल के लिए चलाए जा रहे समर्पण अभियान के बारे में मौजूद नागरिकों को जानकारी देते हुए वरिष्ठ नागरिकों को समर्पण अभियान से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कुआं में गिरने से होने वाले जनहानि को रोकने के लिए कुआं में मुडेर (अहाता) निर्माण कराने की समझाईश दी गई। जन चौपाल में मौजूद नागरिकों को अवैध कार्यो, सामाजिक बुराईयों की सूचना सूरजपुर पुलिस के संवाद नंबर 7999161672 पर देने की अपील की गई।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर

### छत्तीसगढ़ राज्य दल के गठन के लिए 13 और 15 जून को चयन प्रतियोगिता

**रायपुर।** ऑल इण्डिया सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता 2021-22 में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य दल के गठन के लिए 13 और 15 जून को रायपुर में चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत वेटलिफ्टिंग (पुरूष/महिला), बेस्ट फिजिक (पुरूष), व्हॉलीबॉल (पुरूष/महिला), टेबल टेनिस (पुरूष/महिला) और संगीत, नृत्य एवं शार्ट प्ले (पुरूष/महिला) प्रतियोगिता होगी। इस चयन ट्रायल के नोडल अधिकारी ए. एक्का सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग संचालनालय रायपुर होंगे। इसके तहत 13 जून को वेटलिफ्टिंग (पुरूष/महिला) और बेस्ट फिजिक (पुरूष) प्रतियोगिता फोरेस्ट क्लब रायपुर में, व्हॉलीबॉल (पुरूष/महिला) प्रतियोगिता पुलिस लाइन रायपुर में तथा टेबल टेनिस (पुरूष/महिला) सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल रायपुर में होगी। 15 जून को संगीत, नृत्य एवं शार्ट प्ले (पुरूष/महिला) प्रतियोगिता मायाराम सुरजन स्कूल रायपुर में होगी। संबंधित शिक्षक चयन ट्रायल में भाग लेने वाले अधिकारी- कर्मचारी को शासन के नियमानुसार शासकीय कार्य पर मानते हुए विशेष अवकाश की स्वीकृति का प्रावधान है। इस अवधि का यात्रा/दैनिक भत्ता कर्मचारी/ अधिकारी के कार्यालय से देय होगा। सूची के अतिरिक्त अन्य शासकीय कर्मचारी एवं एलबी जिनका संविलियन शिक्षा विभाग में किया गया है। वे भी सीधे चयन ट्रायल में भाग ले सकेंगे। इस संबंध में राज्य शासन के विभाग/ कार्यालय में अपने अधिकारी/कर्मचारी खिलाड़ियों को चयन प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु निर्देशित कर सकते है। चयन ट्रायल में भाग लेने वाले अधिकारी/कर्मचारी को कार्यालय का अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं पहचान पत्र (आई कार्ड) अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा।

### विश्व अभिलेखागार दिवसः छायाचित्र प्रदर्शनी अंतिम दिन आज

**रायपुर।** संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा विश्व अभिलेखागार दिवस के उपलक्ष्य में आज महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर स्थित कला विथिका में छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन विभाग के संचालक विवेक आचार्य ने किया। छायाचित्र प्रदर्शनी की प्रतिसाद को देखते हुए प्रदर्शनी 10 जून तक बढ़ा दी गयी है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में इस वर्ष विश्व अभिलेखागार दिवस का थीम ''आर्काइव्स फॉर यू'' रखा गया है। संस्कृति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि छायाचित्र के माध्यम से आजादी के पूर्व एवं आजादी के बाद के ऐतिहासिक महत्व के अभिलेखों को शामिल किया गया हैं। प्रदर्शनी के अंतर्गत रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, बस्तर एवं दुर्ग संभाग के अभिलेखों के छायाचित्रों को विशेष स्थान दिया गया है।

# उद्यानिकी फसल लेने वाले किसानों को प्रोत्साहित करें

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** विशेष सचिव सहकारिता हिमशिखर गुप्ता ने अपेक्स बैंक पण्डरी के सभागृह में आयोजित समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्यानिकी फसल लेने वाले किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। उद्यानिकी (हार्टिकल्चर) के लिए समिति प्रबंधकों, सुपरवाईजर्स को ऋण वितरण के लिए लक्ष्य आबंटित किया जाए। लक्ष्य पूर्ति की सतत समीक्षा की जाए। किसानों को उद्यानिकी फसलों के लिए समुचित ऋण सुविधा शिविर के माध्यम से रियायती दर पर उपलब्ध कराई जाए। विशेष सचिव सहकारिता ने कहा कि उद्यानिकी, मक्का, दलहन, तिलहन, मिलेट्स, गन्ना, सुगंधित धान एवं फोर्टिफाइड धान फसलों के लिए फसल ऋणमान स्वीकृत किए गए हैं। ऐसे किसान जो धान के अतिरिक्त अन्य फसल अपनाना चाहते हैं, उन्हें समुचित ऋण सुविधा रियायती दर पर उपलब्ध कराई जाए।




विशेष सचिव सहकारिता ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यूरिया और डीएपी खाद का समितियों के गोदामों में समुचित भण्डारण किया जाए। जिला विपणन अधिकारी से समन्वय बनाकर समितियों में खाद का भण्डारण एवं वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्मी कम्पोस्ट गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। मिलावट की शिकायत नहीं आनी चाहिए। समितियों में धान के उठाव और मिलान की जिलेवार समीक्षा करें। सहकारी समितियों में शासन द्वारा स्वीकृत गोदाम निर्माण की कार्यवाही की निरंतर समीक्षा करें। हिमशिखर गुप्ता ने प्रदेश में संचालित शक्कर कारखाना की समीक्षा करते हुए कहा कि हर कारखाना को सीसी लिमिट दी जाए। इसके लिए कारखानावार लिमिट भी तय कर ली जाए। लाभ-हानि को कैसे कम किया जाए, इसकी भी कार्ययोजना बनाएं। आगामी सीजन की तैयारी के लिए भी कार्ययोजना बनाकर भेंजे।

इस वर्ष अपेक्स बैंक द्वारा धान फसल के अतिरिक्त अन्य फसलों के लिए जिला बैंकों को 580 करोड़ का ऋण वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध अब तक अन्य फसलों के लिए 8.73 करोड़ रूपए का ऋण वितरित किया गया है। हिमशिखर गुप्ता ने कहा कि गोधन न्याय योजना न केवल पशुपालकों, बल्कि खेतीहर एवं भूमिहीन मजदूरों के लिए भी बहुत लाभकारी साबित हो रही है। गौठानों में निर्मित वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट मिट्टी की गुणवत्ता बढ़ाने में अधिक से अधिक उपयोग के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाए। प्रदेश में अब तक सहकारी समितियों के माध्यम से 12.95 लाख क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट और 3.36 लाख क्विंटल सुपर कम्पोस्ट का विक्रय किसानों को किया जा चुका है। गौठानों में 2.38 लाख क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट और 1.72 लाख सुपर कम्पोस्ट खाद गोदाम में शेष है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेंट-मुलाकात के दौरान सरगुजा एवं बस्तर संभाग में किसानों की मांग पर मुख्यमंत्री द्वारा सहकारी बैंकों की नवीन शाखाओं की घोषणा की गई है। हिमशिखर गुप्ता ने अधिकारियों को इस संबंध में नवीन शाखाओं को खोलने की कार्यवाही प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

बैठक में खरीफ सीजन 2022 में 5800 करोड़ रूपए के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 2421 करोड़ का कृषि ऋण 6 लाख 17 हजार 185 किसानों को वितरित किया जा चुका है। चालू खरीफ सीजन के लिए राज्य शासन द्वारा सहकारिता क्षेत्र के लिए रासायनिक उर्वरक का लक्ष्य 8.55 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है। जिसके विरूद्ध अब तक कुल 3 लाख 59 हजार टन उर्वरक का भण्डारण किया जा चुका है, जिसमें से प्रदेश के किसानों को 2.24 लाख मीट्रिक टन का वितरण हो चुका है। राज्य में सहकारिता समितियों के गोदाम में 1.35 लाख टन रासायिक खाद उपलब्ध है। खादवार स्थिति की समीक्षा में बताया गया कि यूरिया एक लाख 29 हजार 515, डीएपी 56 हजार 808, एनपीके 1615, पोटाश 8163 और सुपरफास्फेट 28 हजार 10 मीट्रिक टन का वितरण किसानों को किया गया है। समितियों के गोदामों में यूरिया 86 हजार 944, डीएपी 21 हजार 527, एनपीके 914, पोटाश 8421 और सुपरफास्फेट 17 हजार 607 मीट्रिक टन उपलब्ध है। बैठक में जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समितियों के गोदाम में उर्वरक का स्टाक का पाश मशीन में दर्शित उर्वरक मात्रा के साथ भौतिक सत्यापन किया जाए। बैठक में धान उपार्जन उठाव की समीक्षा भी की गई।

बैठक में सहकारिता विभाग के उप सचिव पी.एस. सर्पराज, अपर पंजीयक एच.के. दोशी, एच.के. नागदेव, प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक के.एन. कान्डे, संयुक्त पंजीयक डी.पी. टावरी, यू.बी.एम. राठिया, संयुक्त पंजीयक उमेश तिवारी सहित सभी जिलों के उप पंजीयक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों के सीईओ, सहकारी शक्कर कारखाना के प्रबंध संचालक तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कैंसर मरीजों और उनके परिजनों में मानसिक समस्या की पहचान और इलाज के लिए दो दिवसीय कार्यशाला

कार्यशाला के पहले दिन आज पैलियम इंडिया, विश्व स्वास्थ संगठन, टाटा मेमोरियल अस्पताल, निमहंस और एम्स नई दिल्ली के विशेषज्ञों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

श्रीकंचनपथ न्यूज



रायपुर। राज्य शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा कैंसर के मरीजों एवं उनके परिजनों में होने वाले मानसिक समस्याओं की पहचान कर उनके इलाज के लिए रायपुर में 9 जून और 10 जून को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। राज्य स्तरीय कार्यशाला के पहले दिन आज मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के डॉ. सुदर्शन मंडल शामिल हुए। उन्होंने कैंसर के मरीजों और उनके परिजनों की मानसिक समस्याओं पर राष्ट्रीय स्तर से सहयोग प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मानसिक स्वास्थ्य एवं एनपीसीडीसीएस कार्यक्रम, छत्तीसगढ़ के उप संचालक डॉ. महेंद्र सिंह ने की। कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों से आए विषय विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा कर प्रेजेंटेशन दिया। इस दौरान केरल, गुजरात और कर्नाटक से आए विषय विशेषज्ञों के साथ ही पैलियम इंडिया संस्था, विश्व स्वास्थ संगठन, टाटा मेमोरियल अस्पताल मुंबई, निमहंस बेंगलुरू और एम्स नई दिल्ली के वरिष्ठ चिकित्सकों ने प्रतिभागियों से जानकारी साझा की। कार्यशाला में संगवारी एनजीओ तथा जिला मानसिक स्वास्थ्य एवं एनपीसीडीसीएस कार्यक्रम के अधिकारी प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। राज्य में कैंसर पीड़ितों एवं उनके परिजनों की मानसिक समस्याओं के निदान और उन्हें स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने कार्यशाला में शामिल विशेषज्ञों के निष्कर्षों, निर्देशों व सुझावों पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी।

## इंडिया फर्स्ट टेक स्टार्टअप कॉनक्लेव में छत्तीसगढ़ के चार स्टार्टअप को मिला अवार्ड



### मुख्यमंत्री और उद्योग मंत्री ने दी बधाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** इंडिया फर्स्ट टेक स्टार्टअप कॉनक्लेव बेंगलुरू में छत्तीसगढ़ राज्य के स्टार्टअप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न 4 केटेगरी में बेस्ट स्टार्टअप का अवार्ड प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने राज्य के अवार्ड प्राप्त करने वाले सभी स्टार्टअप कम्पनियों और उद्योग विभाग के अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। गौरतलब है कि स्टार्टअप कम्पनियों को प्रोत्साहित करने के लिए विगत 8 और 9 जून को ऑल इंडिया काउंसिल फॉर रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन द्वारा बेंगलुरू में इस कॉनक्लेव का आयोजन किया गया था। उद्योग विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बेंगलुरू में आयोजित कॉनक्लेव में छत्तीसगढ़ के स्टार्टअप को इमोबिलिटी वर्ग में स्मार्ट यात्री प्राइवेट लिमिटेड, महिला वर्ग में ग्रीनफील्ड इकोसोल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, एग्रीटेक वर्ग में सिद्धार्थ एग्रो मार्केटिंग एंड लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड तथा ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी वर्ग में प्रॉमिनेंट इनोवेशन लैब प्राइवेट लिमिटेड को बेस्ट स्टार्टअप का अवार्ड प्रदान किया गया। स्टार्टअप इनक्यूबेशन हेतु इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय - रबी को सर्वश्रेष्ठ इनक्यूबेशन सेंटर के रूप में सम्मानित किया गया। कॉनक्लेव में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग छत्तीसगढ़ शासन की ओर से संयुक्त संचालक, संजय गजघाटे ने छत्तीसगढ़ राज्य में स्टार्टअप इकोसिस्टम व विभाग द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न अनुदानों के विषय में विस्तृत जानकारी दी तथा निवेशकों को राज्य में स्टार्टअप स्थापित करने व निवेश हेतु आमंत्रित किया। उल्लेखनीय है कि इस कॉनक्लेव में छत्तीसगढ़ से 12 स्टार्टअप कम्पनियों ने अपनी भागीदारी दी थी। कॉनक्लेव में सहायक संचालक सुमन देवांगन और प्रबंधक हेमेश देवांगन ने भी विभाग का प्रतिनिधित्व किया।

# प्रदेश में 21 जून से 5 जुलाई तक गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा

सभी स्वास्थ्य केंद्रों में बनाए जाएंगे ओआरएस-जिंक कॉर्नर, डायरिया पर नियंत्रण व रोकथाम के लिए लोगों को किया जाएगा जागरूक

स्वास्थ्य विभाग ने गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा के लिए सभी सीएमएचओ एवं सिविल सर्जन को जारी किए विस्तृत दिशा-निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** बच्चों में डायरिया को रोकने और इसकी रोकथाम के लिए प्रदेश में 21 जून से 5 जुलाई तक गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान सभी स्वास्थ्य केंद्रों में ओआरएस-जिंक कॉर्नर की स्थापना के साथ ही लोगों को डायरिया के बारे में जागरूक करने कई गतिविधियां संचालित की जाएंगी। राज्य शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा सिविल सर्जन्स को परिपत्र जारी कर इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। डायरिया शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों में मृत्यु के मुख्य कारणों में से एक है। इसके शीघ्र उपचार से बाल मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है।



स्वास्थ्य विभाग में बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के उप संचालक डॉ. वीआर भगत ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा सिविल सर्जन्स को सभी विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारियों और विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधकों को गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा के दौरान संचालित किए जाने वाले कार्यक्रमों व गतिविधियों की जानकारी देने तथा आवश्यक समन्वय के लिए निर्देश पत्र जारी करने कहा गया है। उन्होंने बताया कि सभी एएनएम और मितानिनों को डायरिया केस प्रबंधन, उपचार, काउंसलिंग पर प्रशिक्षण तथा अभियान के दौरान उनके द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के लिए निर्देशित करने और आईडीसीएफ टूलकिट प्रदान करने कहा गया है। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों के टंकियों की सफाई के भी निर्देश दिए गए हैं। अपने-अपने जिलों के लिए ओआरएस और जिंक टेबलेट का उठाव करते हुए इनका वितरण सुनिश्चित करने भी कहा है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी परिपत्र में सीएमएचओ और सिविल सर्जन्स को कोरोना संक्रमण के प्रति सतर्कता बरतते हुए दीवार लेखन, सोशल मीडिया एवं प्रचार-प्रसार के विभिन्न माध्यमों के जरिए डायरिया के रोकथाम एवं नियंत्रण की जानकारी लोगों तक पहुंचाने कहा है। विभाग ने गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा के आयोजन में महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत विभाग, स्थानीय प्रशासन, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन तथा विभिन्न विभागों के साथ काम कर रहे डेवलपमेन्ट पार्टनर्स का सहयोग लेने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही निजी अस्पतालों व आईएपी, आईएमए जैसी निजी एजेंसियों को भी इसमें शामिल करने कहा है।

डॉ. भगत ने बताया कि गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा के दौरान घर, कुएं व जल-स्त्रोतों की साफ-सफाई तथा पानी को स्वच्छ रखने के लिए क्लोरीन टेबलेट्स का वितरण किया जाएगा। उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों जैसे ईंट-भट्टा, खानाबदोश स्थल, बाढ़ की संभावना वाले क्षेत्रों, ऐसे उप स्वास्थ्य केंद्र जहां एएनएम उपलब्ध नहीं हैं, प्रवासी मजदूर, सड़क पर रहने वाले बच्चों, मलिन बस्तियों जैसी जगहों पर अधिक ध्यान देने एवं ओआरएस की पूर्व उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आईडीसीएफ के दौरान मितानिनों द्वारा छह माह से पांच वर्ष तक के बच्चों वाले घरों में ओआरएस पैकेट का वितरण तथा इसके उपयोग के संबंध में सलाह प्रदान कर ओआरएस घोल बनाने की विधि का प्रदर्शन किया जाएगा। मितानिनें लोगों को साफ-सफाई के प्रति प्रेरित भी करेंगी। वे लोगों को डायरिया प्रकरणों की पहचान, एएनएम या स्वास्थ्य केन्द्रों पर संदर्भन, डायरिया के लक्षण व खतरों के बारे में भी बताएंगी।

गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा के दौरान सभी स्वास्थ्य केन्द्रों के ओपीडी तथा आईपीडी वार्ड में ओआरएस-जिंक कार्नर की स्थापना की जाएगी। साथ ही वहां निर्जलीकृत डायरिया प्रबंधन का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। जिले के आईएपी व आईएमए से समन्वय कर सभी निजी चिकित्सालयों में भी ओ.आर.एस.-जिंक कार्नर स्थापित कराया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने सीएमएचओ व सिविल सर्जन्स को सभी संस्थाओं में ओआरएस और जिंक टैबलेट की पर्याप्त उपलब्धता तथा पोषण पुनर्वास केन्द्रों में भर्ती डायरिया से पीड़ित अति गंभीर कुपोषित बच्चों का प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।





नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# इंसानी लालच से संकट में आई धरती की दास्तां, एक शानदार सीरीज का भावनात्मक समापन



अपने माता पिता की गोद में बैठकर पहली बार बड़े परदे पर 1993 में रिलीज हुई फिल्म 'जुरासिक पार्क' देखने वाले बच्चे इस फ्रेंचाइजी की छठी और आखिरी फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड डोमीनियन' के रिलीज होते होते जवान हो चुके हैं। दुनिया पूरी तरह बदल चुकी है। सिनेमा बनाने का अंदाज बदल चुका है। तकनीक के विकास के चलते अब परदे पर हर फिल्म को एक नया कौतुक चाहिए। दर्शक अब सिनेमा हॉल में बैठकर विस्मित होना चाहता है। आईमैक्स सिनेमाघरों में थ्रीडी में फिल्में देखना युवा पीढ़ी का पसंदीदा शगल है और स्टीवन स्पीलबर्ग अब भी बदलते मिजाज के साथ बदलता सिनेमा बनाने के लिए अपनी कोशिशें जारी रखे हुए हैं। फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड डोमीनियन' एक तरह से देखा जाए तो इस सीरीज की फिल्मों का उपसंहार है। एक ऐसी गाथा का उपसंहार जिसकी प्रस्तावना ने दुनिया भर के लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया था। फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड डोमीनियन' इस कसौटी पर अपने प्रशंसकों को कोई नया कौतुक तो नहीं दिखाती है लेकिन हां एक शानदार फ्रेंचाइजी की एक भावनात्मक मंजिल जरूर बन जाती है।

## कहानी डीएनए में नए फेरबदल की

फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड डोमीनियन' का डीएनए वही है कि विज्ञान एक अच्छा नौकर है लेकिन एक खराब मालिक। विज्ञान की संभावनाओं को अपने मुनाफे के लिए इस्तेमाल करने वाला एक लालची कारोबारी है। एक ऐसी महिला वैज्ञानिक का अतीत एक बच्ची के रूप में वर्तमान तक आ गया है जिसने अपने डीएनए की संरचना में खुद ही बदलाव करके बिना किसी पुरुष संसर्ग के मां बनने में कामयाबी हासिल कर ली थी। यह इंसानी प्रयोग डायनासोर पर किए गए उस प्रयोग का ट्रायल था जिसमें एक डायनासोर बिना किसी नर के सहयोग के खुद ही मां बनने में सक्षम हुई। बदलते दौर में महिला सशक्तिकरण की बदली परिभाषाओं के बीच ये एक नई टिप्पणी भी है और एक ऐसी संभावना जो सामाजिक दायरे पर सीधे चोट करती है। और, साथ में है खेती को हथियार बनाकर दुनिया पर राज करने की मंशा रखने वाली एक कंपनी। उसने डीएनए संरचना में बदलाव करके विनाशकारी और विशालकाय टिड्डे बना रखे हैं जो कंपनी के बीजों वाली खेती छोड़ बाकी सब कुछ चट कर जाने के लिए बनाए गए हैं।

सीरीज की पिछली फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड फालेन किंगडम' में इस दुनिया के सारी संभावनाएं ध्वस्त हुईं और अब फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड डोमीनियन' में अप्रत्याशित रूप से इंसान और डायनासोर साथ साथ रह रहे हैं। जीवन का संघर्ष जारी है। 'सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट' की थ्योरी फिर से लागू हो रही है और इस उथल पुथल के बीच इंसानों का इंसानों से और डायनासोरों का डायनासोरों से संघर्ष भी जारी है। धरती पर अब तक हुए सबसे विशालकाय डायनासोर और सबसे खतरनाक डायनासोर सब यहां मौजूद हैं।

## तकनीक के विकास में खोया कौतुक

फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड डोमीनियन' को देखने का आनंद यही है कि इसके विजुअल इफेक्ट्स अब तक के बेहतरीन हैं। परदे पर दैत्याकार डायनासोरों को आपस में भिड़ते देखना दर्शकों को भाता है। पानी के ऊपर शिकार की तलाश में मुंह बाए डायनासोर और पानी की सतह के ठीक नीचे सांस साधे इंसान की तस्वीर फिल्म के इंसान बनाम जानवर के संघर्ष की सच्ची तस्वीर है। लेकिन, ये सब दर्शकों को नया नहीं लगता। कॉलिन ट्रेवोरो निर्देशित फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड डोमीनियन' की सबसे बड़ी कमजोरी है इसमें कौतुक जैसी कोई ऐसी कलाकारी का ना होना जो इस पूरी सीरीज को लगातार देखते रहे दर्शकों को चौंका दे। ये अच्छा ही है कि इस सीरीज का समापन एक संतुलित और सारगर्भित फिल्म के साथ हो रहा है। मार्वेल सिनेमैटिक यूनीवर्स भी इन दिनों इसी संघर्ष से गुजर रहा है। उसे भी अपनी कहानियों को समावेशी बनाना पड़ रहा है।

## सितारों की दमदार कलाकारी

अतीत से अपनी कड़ी जोड़ती फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड डोमीनियन' की ऊर्जा क्रिस प्रैट हैं। वह पिछली फिल्म में डायनासोर को प्रशिक्षित करते दिखे थे। उनका ये रिश्ता इस फिल्म में भावनाओं की कसौटी पर कसा जा रहा है। ब्राइस डलास हॉवर्ड के साथ मिलकर वह उस बच्ची के अभिभावक बने हैं जो धरती पर बिना पुरुष डीएनए के पैदा हुई है। लालची वैज्ञानिकों का शिकार बन चुकी इस किशोरी के हैरान परेशान अभिभावकों के रूप में और फिर अगवा होने के बाद इस किशोरी को बचाने के लिए जद्दोजहद में जुटे क्रिस प्रैट और ब्राइस ने फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड डोमीनियन' को रफ्तार दी है। फिल्म को ठहराव देने का काम किया है इस सीरीज के नामचीन सितारों लॉरा डर्न, जेफ गोल्डब्लम और सैम नील ने। तीनों को वापस एक साथ परदे पर देखना अतीत की सुखद यादों को दर्शकों के सामने ले आता है। तीनों ने अपना काम भी बहुत प्रभावशाली तरीके से किया है।

### कैंसर से जूझ रही परदेस की एक्ट्रेस

# महिमा को ब्रेस्ट कैंसर, अनुपम ने फिल्म के लिए फोन किया तो पता चला



बॉलीवुड एक्ट्रेस महिमा चौधरी कैंसर से जूझ रही हैं। 48 साल की महिमा को कैंसर है, इसका खुलासा तब हुआ, जब अनुपम खेर ने एक प्रोजेक्ट के लिए उन्हें फोन किया। अनुपम खेर ने अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इसमें महिमा अपनी बीमारी और इससे जुड़ी बातों के बारे में बता रही हैं। वीडियो में कई बार महिमा इमोशनल भी हो जाती हैं। अनुपम ने महिमा को कैंसर से लड़ने वाला हीरो बताया। महिमा चौधरी ने 1997 में अपना फिल्मी करियर सुभाष घई की फिल्म परदेस से किया था।

## महिलाओं को प्रेरणा देंगी महिमा- अनुपम खेर

अनुपम ने महिमा का वीडियो शेयर कर लिखा, 'मैंने एक महीने पहले अपनी 525वीं फिल्म 'द सिग्नेचर' में अहम रोल निभाने के लिए महिमा चौधरी को अमेरिका से फोन किया था। तब मैं यूएस में था। हमारी अच्छी बातचीत हो रही थी और तभी मुझे पता चला कि वो ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। उनका जीवन जीने का तरीका और उनका एटीट्यूड दुनियाभर में कई महिलाओं को नई प्रेरणा दे सकता है।

अनुपम ने लिखा, 'महिमा चाहती थीं कि मैं उनकी इस जर्नी को सबके सामने लाऊं। लोगों को उनकी कहानी बताने का मैं हिस्सा बनूं। उन्होंने मेरी तारीफ की, लेकिन मैं ये कहना चाहता हूं कि महिमा तुम मेरी हीरो हो। दोस्तों! उन्हें अपना प्यार, शुभकामनाएं, प्रार्थनाएं और आशीर्वाद दें। अब वो सेट पर वापस आ गई हैं। वो दोबारा उड़ने के लिए तैयार हैं। सभी प्रोड्यूसर और डायरेक्टर्स जो यहां मौजूद हैं, अब आपके पास मौका है ब्रिलियंस को पाने का। जय हो। महिमा ने इस वीडियो को री-शेयर करते हुए लिखा, 'आपके प्यार और सपोर्ट के लिए धन्यवाद! अनुपम खेर।'

महिमा का जन्म 13 सितंबर 1973 को दार्जिलिंग में हुआ था। फिर महिमा ने फिल्मों में डेब्यू परदेस से किया था। फिल्म में उनके साथ शाहरुख खान भी थे। हालांकि, इस फिल्म के बाद उन्हें वो सफलता दोबारा नहीं मिली। एक्ट्रेस ने 2006 में बॉबी मुखर्जी से शादी की थी और 2013 में दोनों इस रिश्ते से अलग हो गए थे। इसके अलावा महिमा 'धड़कन', 'कुरुक्षेत्र', 'बागबान,' 'डार्क चॉकलेट' जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। महिमा आखिरी बार 2016 में बंगाली क्राइम थ्रिलर 'डार्क चॉकलेट' में नजर आईं थीं। इस फिल्म में उनके अलावा रिया सेन भी लीड रोल में थीं।

## 2013 में पति बॉबी से अलग हो गई थीं महिमा

महिमा ने साल 2006 में आर्किटेक्ट बिजनेसमैन बॉबी मुखर्जी से शादी की थी और 2013 में दोनों अलग हो गए थे। एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में बताया था कि बॉबी के साथ कई चीजों को लेकर अक्सर उनकी बहस हो जाती थी। उस शादी से में वो खुश नहीं थीं। महिमा ने ये भी कहा था कि मुश्किल दिनों में उनके पति ने उनका साथ नहीं दिया था। महिमा अब अपनी बेटी एरियाना के साथ ही जिंदगी बिता रही हैं। तलाक के बाद महिमा ने एक्टिंग कमबैक करने की भी कोशिश की थी, लेकिन वो इसमें सफल नहीं हो पाईं।

# करण कुंद्रा से पहले इस हैंडसम शख्स के साथ जुड़ा था तेजस्वी का नाम, आज भी कहती हैं अच्छा दोस्त



छोटे पर्दे की मशहूर अभिनेत्री और 'स्वरागिनी' फेम अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अपनी मेहनत और काबिलियत के दम पर वह दर्शकों के दिलों पर राज करती हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। बिना किसी गॉड फादर के तेजस्वी में इंडस्ट्री में इतने कम समय में खास मुकाम हासिल किया है। आजकल वह एकता कपूर के सीरियल 'नागिन 6' में मुख्य किरदार में नजर आ रही हैं। तेजस्वी टीवी के मोस्ट कन्ट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस 15 की विनर भी रह चुकी हैं। आज अभिनेत्री इतनी फेमस हो चुकी हैं कि उनके चर्चे इंडस्ट्री के कोने-कोने में हैं। तेजस्वी प्रकाश इन दिनों करण कुंद्रा के साथ रिलेशनशिप में हैं। आज वह अपना 29वां जन्मदिन भी बॉयफ्रेंड करण कुंद्रा के साथ ही मना रही हैं।

## इतनी पढ़ी-लिखी हैं

10 जून 1998 को जन्मीं तेजस्वी का पूरा नाम तेजस्वी प्रकाश वायंगणकर है। तेजस्वी के पिता प्रकाश वायंगणकर एक बेहतरीन सिंगर हैं और दुबई में काम करते हैं। तेजस्वी ने करीब चार साल तक शास्त्रीय संगीत की शिक्षा हासिल की है। अभिनेत्री एक बेहतरीन डांसर भी हैं। वह काफी पढ़ी-लिखी भी हैं। तेजस्वी ने इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन में इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है।

## इन सीरियलों में आ चुकी हैं नजर

इंजीनियरिंग की डिग्री लेने के बाद उन्होंने महज 18 साल की उम्र में अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। अभिनेत्री के करियर का पहला सीरियल '2612' था जो साल 2012 में टेलीकास्ट हुआ था। इसके बाद उन्होंने स्वरागिनी, पहरेदार पिया की, सिलसिला बदलते रिश्तों का और इन दिनों वह नागिन 6 में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने 'फियर फैक्टर: खतरों के खिलाड़ी', 'किचन चैंपियन 5', 'कॉमेडी नाइट्स लाइव', जैसे कई रियलिटी शोज भी किए हैं।

## करण कुंद्रा को कर रहीं डेट

इस समय तेजस्वी अपने से 10 साल बड़े करण कुंद्रा को डेट कर रही हैं। फैंस को दोनों की जोड़ी काफी पसंद आती है। इस समय दोनों गोवा में अपना क्वालिटी टाइम बिता रहे हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि करण से पहले भी तेजस्वी का नाम किसी और के साथ जुड़ चुका है। क्या हुआ? आप भी चौंक गए न। तो चलिए आपको बताते हैं कि वह शख्स कौन से जिसके साथ तेजस्वी के रिश्ते रहे।

## करण से पहले भी हुए अफेयर के चर्चे

बात उन दिनों की है जब तेजस्वी रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 10' कर रही थीं। इस शो में टीवी के हैंडसम एक्टर शिविन नारंग भी थे। दोनों को बॉन्डिंग फैंस को खूब पसंद आती थी। वहीं से दोनों के अफेयर की चर्चाओं को हवा मिली। सिर्फ इतना ही सोशल मीडिया पर यह जोड़ी ट्विन के नाम से वायरल होने लगी। मामला इतना बढ़ गया कि तेजस्वी को इसपर सफाई देनी पड़ गई। दोनों ने हमेशा खुद को अच्छा दोस्त बताया है।

### कृष्णा अभिषेक की सॉरी पर गोविंदा ने किया रिएक्ट, बोले-

# मैं उनके इस प्यार को ऑफ कैमरा देखना पसंद करूंगा





मनीष पॉल के पॉडकास्ट पर हाल ही में गोविंदा ने कृष्णा अभिषेक को लेकर बड़ा बयान दिया है। गोविंदा ने कहा कि अगर कृष्णा उनसे वाकई में प्यार करते हैं, तो वो इस प्यार को कैमरे के पीछे देखना पसंद करेंगे। दरअसल हाल ही में कृष्णा ने मनीष के शो में रोते हुए गोविंदा से सॉरी कहा था। साथ ही कृष्णा ने ये भी कहा था कि वो कई जगह इंटरव्यू देते हैं, तो लोग उनकी बहुत सी बातों को गलत तरीके से पेश करते हैं। अब गोविंदा ने मनीष के शो में बतौर गेस्ट आकर इस बात पर रिएक्ट किया है।

## गोविंदा की पत्नी कृष्णा से बात करना नहीं करती पसंद

गोविंदा ने कहा, कृष्णा अभिषेक ने मुझे जिस तरह से विलेन बनाकर सबके सामने प्रेजेंट किया है। मुझे उनकी वो बात बुरी लगी। उन्होंने मान लिया था कि मेरे कारण उनकी लाइफ में चीजें खराब चल रही हैं। मेरी पत्नी ने मुझसे कहा था कि मैं कृष्णा की लाइफ में इंटरफियर न करूं। उन्होंने मुझसे कहा कि यंग जेनरेशन का काम करने का अपना तरीका है, लेकिन आज वो भी कृष्णा से बात करना पसंद नहीं करती हैं।

गोविंदा ने कहा कि वो कम से कम 100 फिल्मों में हीरो का रोल प्ले कर चुके हैं। अब मुझे ये तो पता चल ही गया है कि मीडिया को किस तरह चकमा दिया जा सकता है। जब मनीष ने बताया कि कृष्णा वास्तव में उनके शो के जरिए माफी मांग रहे थे और रोए भी थे। इस पर गोविंदा ने कहा, चलो फिर इस प्यार को ऑफ कैमरा भी मैं देखना पसंद करूंगा। उसकी परवरिश बहुत अच्छी तरह से हुई है, लेकिन उसे समझना होगा कि कई बार मीडिया में राइटर्स एक्टर्स का इस्तेमाल कर लेते हैं, लेकिन इसकी भी एक लिमिट होती है।

## गोविंदा ने की कृष्णा की तारीफ

गोविंदा ने कृष्णा के बारे में आगे बात करते हुए कहा, वो एक अच्छा लड़का' है। मैं बस यही कहूंगा कि काम और कड़ी मेहनत करते रहो, इसमें कोई समस्या नहीं है। रिलैक्स करो। भगवान तुम्हें खुश रखें।

## कश्मीरा शाह के ट्वीट से शुरू हुआ था यह विवाद

गोविंदा और कृष्णा के बीच विवाद तब शुरू हुआ था, जब 2018 में कृष्णा की वाइफ कश्मीरा शाह ने ट्वीट किया था कि कुछ लोग पैसों के लिए नाचते हैं। इस ट्वीट पर सुनीता आहूजा ने कहा था कि ये ट्वीट गोविंदा के खिलाफकिया गया है। इसके बाद गोविंदा और सुनीता ने कृष्णा और कश्मीरा से सभी संबंध खत्म कर लिए। 2019 में भी जब गोविंदा, सुनीता और उनकी बेटी टीना कपिल शर्मा के शो पर आए थे, तब भी कृष्णा शो में नहीं आए थे, क्योंकि सुनीता उनके साथ स्टेज शेयर नहीं करनी चाहती थीं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Pankaj Mobile
Tata Play Connection Available
All Accessories & General Electricals Items
All Types Recharge & DTH, FastTag Recharge
Pankaj Umbre-
Mo.- 9993240894, 7987806710
Shop No.- 4, Jugnu Dera Complex, Adarsh Nagar, Potia Road, Durg (C.G.)

SHRI SAI COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS XI th XII th B.COM CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

YOGESH COMPUTER Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame Mo-9893342971 7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### महापौर जानकी काट्जू के मंशानुरूप केलो के किनारे मूर्त रुप ले रहा चौपाटी

**रायगढ़।** नगर निगम की महापौर जानकी काट्जू ने शहर विकास अंतर्गत निर्माणाधीन चौपाटी ,मरीन ड्राइव एवं वार्ड क्रमांक 9 में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया सम्बंधित अधिकारी एवं ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने निर्देशित किया। शहर विकास के लिये कटिबद्ध शहर सरकार सौंदर्यीकरण के क्षेत्र में रायगढ़ शहर में नया आयाम देने जा रहा है शनि मंदिर रोड केलो नदी के किनारे महापौर जानकी काट्जू के मंशानुरूप चौपाटी को मूर्त रूप दिया जा रहा है जहां शहर के छत्तीसगढ़ी व्यंजन, चटपटा चाट गुपचुप ,भेलपुरी ,और फ़ास्ट फूड का मजा लेते हुए लोग पारिवारिक वतावरण में सैर सपाटा करने जाएंगे,उक्त स्थल में निर्माणाधीन कार्यो का निरीक्षण किया वही बदहाल मरीन ड्राइव के निर्माण की स्वीकृति भी मिल चुकी जिसका टेंडर हो गया बहुत जल्द सड़क निर्माण का कार्य भी आरम्भ किया जाएगा महापौर ने ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने निर्देशित किया ।वही वार्ड क्रमांक 9 में नवनिर्मित सामुदायिक भवन के कार्य का भी जायजा लिया।

### आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा पेंशन शिविर सम्पन्न

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा पेंशन शिविर कलेक्टोरेट के जगदलपुर के प्रेरणा कक्ष में 06 एवं 07 जून को आयोजित किया गया। कलेक्टर रजत बंसल की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में संभागीय संयुक्त संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन धीरज नशीने एवं उनके टीम के द्वारा पेंशन प्रकरण तैयार करने की जानकारी, सेवा पुस्तिका का संधारण, नामांकन, पेंशन नियमों के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश एवं जानकारी दी गई। जिसमें कुल 58 प्रकरणों में से 08 न्यायालयीन प्रकरण, 04 अपात्र प्रकरण, 01 अनापत्ति प्रमाण पत्र के अप्राप्त प्रकरण, 01 तकनीकी त्रुटि से संबंधित 05 प्रकरण विलोपित के लिए, 13 प्रकरण जमा किया गया। 11 प्रकरण निराकृत किए शेष 14 प्रकरण शीघ्र निराकरण हेतु आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

# भारत बायोटेक के शीर्ष 10 देशों के समूह में पहुंचने से बहुत दूर नहीं:मोदी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**नईदिल्ली ( पीआईबी )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रगति मैदान में बायोटेक स्टार्टअप एक्सपो-2022 का उद्घाटन किया। उन्होंने बायोटेक उत्पाद ई-पोर्टल भी लॉन्च किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, डॉ. जितेंद्र सिंह, बायोटेक क्षेत्रों के हितधारक, विशेषज्ञ, विषय-वस्तु विशेषज्ञ, निवेशक उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 8 साल में भारत की बायो-इकॉनॉमी 8 गुना बढ़ गई है। उन्होंने कहा, 10 अरब डॉलर से बढ़कर हम 80 अरब डॉलर तक पहुंच चुके हैं। भारत, बायोटेक के ग्लोबल इको-सिस्टम में टॉप-10 देशों की लीग में पहुंचने से भी ज्यादा दूर नहीं हैं। प्रधानमंत्री ने देश में इस क्षेत्र के विकास में जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (बीआईआरएसी) के योगदान के बारे में भी बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जब अमृत काल के दौरान देश नए संकल्प ले रहा है, देश के विकास में बायोटेक उद्योग की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।

वैश्विक मंच पर भारतीय पेशेवरों की बढ़ती प्रतिष्ठा के बारे में बात करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा, दुनिया में हमारे आईटी प्रोफेशनल्स की स्किल और इनोवेशन को लेकर ट्रस्ट नई ऊंचाई पर है। यही ट्रस्ट, यही रेपुटेशन, इस दशक में भारत के बायोटेक सेक्टर, भारत के बायो प्रोफेशनल्स के लिए होते हम देख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत को बायोटेक के क्षेत्र में अवसरों की भूमि माना जा रहा है, तो उसके पांच बड़े कारण हैं। पहला- डायवर्स पापुलेशन, डायवर्स क्लाइमेट जॉन्स, दूसरा- भारत का टैलेंटेड ह्यूमन कैपिटल पूल, तीसरा- भारत में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए बढ़ रहे प्रयास। चौथा- भारत में लगातार बढ़ रही बायो-प्रोडक्ट्स की डिमांड और पांचवां- भारत के बायोटेक सेक्टर यानि आपकी सफलताओं का ट्रेक रिकॉर्ड।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था की क्षमता और शक्ति में सुधार के लिए अथक प्रयास किया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विकास का मंत्र भारत के अनेक क्षेत्रों में भी लागू है। इसके परिणामस्वरूप उस दृश्य को उलट दिया गया है जब कुछ चुनिंदा क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया था और अन्य को अपने लिए छोड़ दिया गया था। उन्होंने कहा कि आज हर क्षेत्र देश के विकास को गति दे रहा है, इसलिए हर क्षेत्र का साथ और हर क्षेत्र का विकास समय की मांग है। उन्होंने कहा कि सोच और दृष्टिकोण में इस बदलाव के परिणाम सामने हैं। उन्होंने हाल के वर्षों में बहुत अधिक संख्या में क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने का उदाहरण दिया। बायोटेक क्षेत्र के लिए भी अभूतपूर्व कदम उठाए जा रहे हैं जो स्टार्टअप इको-सिस्टम में स्पष्ट रूप से प्रकट होते हैं। प्रधानमंत्री ने जानकारी दी, बीते 8 वर्षों में हमारे देश में स्टार्ट-अप्स की संख्या, कुछ सौ से बढ़कर 70 हजार तक पहुंच गई है। ये 70 हजार स्टार्ट-अप्स लगभग 60 अलग-अलग इंडस्ट्रीज में बने हैं। इसमें भी 5 हजार से अधिक स्टार्ट अप्स, बायोटेक से जुड़े हैं। जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र में प्रत्येक 14वां स्टार्टअप और पिछले वर्ष में ही 1100 से अधिक ऐसे जैव प्रौद्योगिकी स्टार्टअप उभरे।

# आगामी समय में धान और गोबर दोनों की खरीदी मूल्य में होगी वृद्धि - कृषि मंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

मुंगेली। प्रदेश के संसदीय कार्य, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी, पशुधन विकास, मछली पालन, जल संसाधन एवं आयाकट मंत्री रविन्द्र चौबे ने विधि-विधान के साथ मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम लिम्हा में रोजगार प्राप्त करने की सबसे बड़ी साधन नवीन गौठान का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने नवीन गौठान के लिए ग्रामवासियों और किसानों को अपनी बधाई दी और गौठान भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना के तहत नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी के अंतर्गत ग्राम लिम्हा में गौठान का निर्माण किया गया है।




गौठान में अब पशुपालकों से गोबर की खरीदी की जाएगी। गौठान निर्मित होने के उपरांत शीघ्र ही यहां आजीविकामूलक गतिविधियों का भी संचालन किया जाएगा। इससे ग्राम स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा। इस अवसर पर उन्होंने गौठान में गोबर से वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण सहित पशुओं के लिए शेड, पानी, चारागाह आदि विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना, भूमिहीन मजदूरों के लिए ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना और पशुपालकों के लिए गोधन न्याय योजना का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा किसानों से धान की खरीदी 2500 रूपए प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। इसी तरह 02 रूपया प्रति किलो की दर से गोबर की खरीदी की जा रही है। उन्होंने कहा कि आगामी समय में धान और गोबर दोनों की खरीदी मूल्य में वृद्धि की जाएगी। इसी तरह ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत उनके हित को देखते हुए प्रतिवर्ष दी जा रही आर्थिक सहायता राशि 06 हजार को बढ़ाकर अब 07 हजार रूपए कर दी गई है। इस अवसर उन्होंने ग्राम लिम्हा में गौठान के निर्माण व गांव के हित में कोटवार द्वारा अपनी कोटवारी सेवा जमीन को छोड़ने के निर्णय की सराहना की।

इस अवसर में उन्होंने प्रगतिशील कृषक आनंद मिश्रा, श्रीकांत गोवर्धन, हिमांशु मिश्रा, स्वर्ण सिंह छाबड़ा को सम्मानित किया। इसी तरह उन्होंने 50 प्रतिशत अनुदान पर ग्राम पथरगढ़ी के कृषक प्यारेलाल लोधी को ट्रेक्टर तथा ग्राम कोसमतरा के कृषक हेमंत कुमार कश्यप को फार्म मशीनरी (टेक्टर, थ्रेसर एवं अन्य उपकरण) का चाबी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इसी क्रम में अन्य कृषकों को भी विभिन्न योजनाओं के तहत कृषि यंत्र और अनुदान राशि का चेक प्रदान किया। कार्यक्रम को कलेक्टर डा. गौरव कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हर्ष का विषय है कि जिले के ग्राम लिम्हा में राज्य शासन की महत्वाकांक्षी गरूवा, नरवा,घुरूवा, बाड़ी योजना का प्रथम घटक गौठान फलीभूत हो रहा है। अब इस गौठान को मल्टीएक्टिीविटी सेंटर के रूप में संचालित किया जाएगा। जिसे प्रदेश में आदर्श गौठान के रूप में जाना जाएगा। इस अवसर पर शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष राम कुमार पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लेखनी सोनू चन्द्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी, जिला पंचायत सदस्य वशी उल्लाह खान, पूर्व विधायक चुरावन मंगेश्कर, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति प्राधिकरण के सदस्य सुश्री रत्नावली कौशल, कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव डा. कमलप्रीत सिंह, विशेष सचिव कृषि अयाज फकीर भाई तम्बोली, पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह, संचालक कृषि यशवंत कुमार, उद्यानिकी विभाग के संचालक मातेश्वरम, मत्स्य विभाग के संचालक नारायण सिंह, पशुपालन विभाग के संचालक श्रीमति संजय चंदन त्रिपाठी,राकेश पात्रे, आत्मा सिंह क्षत्रिय, जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता अजय सोमावार, अधीक्षण अभियंता पी. आनंद, वनमण्डलाधिकारी गणेश राजन, अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल सहित विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण और कृषकगण मौजूद थे।

# सरकार सहकार से समृद्धि के मंत्र के साथ सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने काम कर रही: अमित शाह



श्रीकंचनपथ न्यूज

**नईदिल्ली ( पीआईबी )।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारी बैंकों के माध्यम से ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिए आरबीआई द्वारा घोषित महत्वपूर्ण कदमों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज मुझे ये बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है भारतीय रिज़र्व बैंक ने सहकारी क्षेत्र के लिए तीन बहुत महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों की घोषणा की है।

सर्वप्रथम, शहरी सहकारी बैंकों के लिए व्यक्तिगत आवास ऋण की सीमा को दोगुना किया गया है। इस निर्णय से अब टियर 1 अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों (यूसीबी) के लिए व्यक्तिगत आवास ऋण की सीमा को ?30 लाख से बढ़ाकर ?60 लाख, टियर 2 यूसीबी के लिए ?70 लाख से बढ़ाकर ?1.40 करोड़ और ग्रामीण सहकारी बैंकों (आरसीबी) की सीमा को 20 लाख व 30 लाख से बढाकर क्रमश 50 लाख व 75 लाख किया गया है।

दूसरे प्रमुख निर्णय में ग्रामीण सहकारी बैंकों (आरसीबी) को कमर्शियल रियल एस्टेट रेजिडेंटियल हाउज़िंग क्षेत्र को ऋण देने की अनुमति दी गयी है जिससे हमारे ग्रामीण सहकारी बैंकों का दायरा और बढेगा और साथ ही लोगों को किफायती घर देने के संकल्प को भी गति मिलेगी।

तीसरे प्रमुख निर्णय में अब शहरी सहकारी बैंकों को अपने ग्राहकों को कमर्शियल बैंकों की तरह ही डोर स्टेप बैंकिंग की सुविधा प्रदान करने की अनुमति दी गयी है। इस निर्णय से अब प्रतिस्पर्धी बैंकिंग क्षेत्र में सहकारी बैंकों को भी लेवल प्लेयिंग फील्ड मिलेगा और वो भी अन्य बैंकों की तरह ग्राहकों को घर-घर जाकर बैंकिंग सुविधाएं दे पायेंगे। सहकारी बैंकों के माध्यम से आवास क्षेत्र में ऋण प्रवाह में वृद्धि से आर्थिक गतिविधियों में बढोतरी होगी, पूंजी निर्माण और रोजगार सृजन बढ़ेगा, जिससे अर्थव्यवस्था में गुणक प्रभाव होगा।

अमित शाह ने कहा कि एक वर्ष से भी कम की अवधि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सहकारिता क्षेत्र के लिए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं जिनकी जरुरत इस क्षेत्र को लम्बे समय से थी। इस क्षेत्र के विकास को नई गति देने वाले निर्णयों के लिए सहकारिता मंत्रालय और सहकारिता क्षेत्र से जुड़े करोड़ो लोगों की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करता हूँ।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में नए सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद से सहकारिता क्षेत्र की कई पुरानी मांगों और समस्याओं का समाधान किया गया है। ये फैसले सहकारी बैंकों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करेंगे।

# डीआईजी कलेक्टर और एसपी ने बेचापाल से गंगालूर तक निर्माणधीन सड़क का किया सघन निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

बीजापुर। भैरमगढ़ ब्लाक में बेचापाल से गंगालूर तक निर्माणधीन सड़क को डीआईजी दंतेवाड़ा कमलोचन कश्यप, कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा एवं पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय ने सघन निरीक्षण किया सड़क निर्माण की गुणवत्ता का परीक्षण किया, वहीं पुल-पुलिया का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।



निरीक्षण करते हुए सुदूर क्षेत्र मड़कमपारा नाला पहुंचकर निर्माण कार्यों का जायजा लिया, वहीं देवापारा पुल निर्माण का अवलोकन करते हुए रिर्टनिंग वाल की आवश्यकता को मद्देनजर रखते हुए मौके पर उपस्थित ठेकेदार को आवश्यक निर्देश दिए। बेचापाल से गंगालूर मार्ग जिले में आवागमन के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा जिससे गंगालूर एवं भैरमगढ़ ब्लाक की दूरी कम होगी वहीं हजारों ग्रामीणों को आवागमन सुलभ होगी सड़क की उपयोगिता को दृष्टिगत रखते हुऐ कलेक्टर कटारा ने समय-सीमा में सड़क निर्माण पूर्ण करने एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की समझाईश दी।

भैरमगढ़ ब्लाक के भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने फुंडरी में निर्माणधीन उच्चस्तरीय पुल के दो पिलर शेष है। जिसे बारिश के पहले पूर्ण करने को कहा, वहीं निर्माण कार्य की जायजा लेते हुए सुरक्षा सहित आवश्यक विषयों की चर्चा की मौके पर उपस्थित पुल निर्माण से संबधित अधिकारियों ने आवश्यक जानकारी दी।

फुंडरी के उच्चस्तरीय पूल निर्माण पूर्ण होने से नदी पार के 15 से 20 गांव, बंगोली, निराम, मर्रामेटा, सतवा, ताकीलोड़, धरमा, बेलनार सहित नारायणपुर विभिन्न गांव भैरमगढ़ से जुड़ जाऐंगे जिससे अन्तर्जिला आवागमन की सुविधा हजारों ग्रामीणों को मिलेगी। कलेक्टर श्री कटारा ने ग्रामीणों से चर्चा किया जिसमें ग्रामीणों ने पुल निर्माण पूर्ण होने पर आवागमन की सुविधा मिलने की बात कही।

# रीपा में जल्द प्रारंभ करें प्रोडक्शन यूनिट का कार्य - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आजीविका संवर्धन से जुड़े विभाग की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले में संचालित आजीविका संवर्धन से संबंधित विभागीय कार्यो की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने रीपा(रूरल इंडस्ट्रियल पार्क) के तहत बनाए जा रहे मॉडल गोठानों की जानकारी लेते हुए गोठानों के लिए प्राप्त मशीनों के संचालन के लिए समूह को ट्रेनिंग देने के कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण कर प्रोडक्शन प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि गोठानों में कार्यरत सक्रिय महिला समूह को लाभांश प्राप्त हो रहा है, सुनिश्चित करें। उन्होंने समूह के सदस्यों के आय में वृद्धि के लिए गतिविधियों की नियमित मॉनिटिरिंग के साथ व्यवसायिक लिंकेज पर कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने जिले के विभिन्न ब्लाकों में रीपा के तहत निर्मित मॉडल गोठानों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी गोठानों में 5 प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की जा रही है। जिसके लिए समूहों की ट्रेनिग का कार्य एवं शेष बचे मॉडल गोठानों में विद्युत प्रबंध के कार्यो को अतिशीघ्र पूर्ण करें। कलेक्टर सिंह ने गोठानों में किए जा रहे आयमूलक गतिविधियों के साथ ही समूह की आय और लाभांश की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गतिविधियों व्यवसायिक लिंकेज पर कार्य किया जाए जिससे समूहों के लाभांश में वृद्धि होगी। जनपद सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि रीपा गोठानों में निर्मित सामग्रियों की ब्रिकी एवं लिंकेज के संबंध में निरंतर बैठक ले एवं गोठानों का निरीक्षण करें।

































## खास-खबर

### लोहा कारोबारी से चार करोड़ की धोखाधड़ी, अपराध दर्ज

**रायपुर।** राजधानी के आजाद चौक थाने में एक लोहा कारोबारी से चार करोड़ रुपये ठगी का मामला सामने आया है। जवाहर नगर में लोहा ट्रेडिंग का काम करने वाले राजेश अग्रवाल ने समता कालोनी निवासी एमएस शाप के स्वपनिल मित्तल के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि स्वपनिल मित्तल ने मई में तीन अलग-अलग किश्तों में 500 टन सरिया पौने चार करोड़ रुपये में खरीदा था। एक माह के अंदर भुगतान करने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में आनाकनी करने लगा। पीड़ित ने बताया कि सरिया की पहली किश्त देने के बाद स्वपनिल ने उसे कॉल कर पत्नी के इलाज को लेकर दूसरे शहर में होने की बात कहकर इमोशनल ब्लेकमेल किया। इसके बाद 320 टन सरिया की खरीदी कर ठगी का शिकार बनाया। स्वपनिल ने इसी तरह से कई अन्य कारोबारियों से भी ठगी की है।

### बिलासपुर में स्कार्फ को लेकर विवाद युवक को मार दिया चाकू

**बिलासपुर (ए)।** कंपनी गार्डन में गुरूवार की सुबह बदमाशों ने स्कार्फ नहीं निकालने पर युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में घायल को उपचार के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर पुलिस ने चार नाबालिग को गिरफ्तार किया है। उनसे चाकू जब्त कर पुलिस कार्रवाई में जुटी है। जूना बिलासपुर में रहने वाले अनिश कैवर्त कपड़े की दुकान में काम करते हैं। गुरूवार की सुबह पांच बजे वे अपने साथियों रितेश देवांगन, संजय, श्याम और राम के साथ कंपनी गार्डन में वाक के लिए गए थे। गार्डन के अंदर वे टहल रहे थे। इस दौरान श्याम ने अपने चेहरे को स्कार्फ से ढंका था। गार्डन के चबूतरे में बैठे लड़कों ने श्याम को स्कार्फ निकालने के लिए कहा। श्याम उनकी बातों को अनसुना कर आगे बढ़ने लगा। बदमाशों को यह बात नागवार गुजरी। उन्होंने श्याम के चेहरे जबरन स्कार्फ निकालने की कोशिश की। इसके बाद अनिश से घूरने की बात को लेकर गाली-गलौज की। इसका विरोध करने पर वे अनिश की पिटाई करने लगे। वहीं, एक लड़का रितेश से भिड़ गया। मारपीट के बीच एक हमलावर ने चाकू निकालकर रितेश के पेट में दो बार मार दिया। हमले से गंभीर रूप से घायल रितेश वहीं पर गिर गए। हमले के बाद एक लड़के ने अपना पता बताते हुए जान से मारने की धमकी दी। हमले में घायल रितेश और राम को अनिश और श्याम ने अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद उन्होंने घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी। पूछताछ के बाद पुलिस ने चार नाबालिग को गिरफ्तार किया है।

### फार्म हाउस से एसी निकाल ले गए चोर

**बिलासपुर (ए)।** सीपत क्षेत्र के गुड़ी में रहने वाले सुनील दास मानिकपुरी गनियारी के कैलाश वाटिका में चौकीदार हैं। उन्होंने कोटा थाने में एसी चोरी होने की शिकायत है। सुनील ने बताया कि वे पांच साल से फार्म हाउस में चौकीदारी कर रहे हैं। फार्म हाउस के मालिक विकास अग्रवाल ने फार्म हाउस में एक मकान बना रखा है।

मकान के दो कमरों में एसी लगा हुआ है। 24 मई की रात तक सभी कमरों का सामान अपनी जगह पर था। 25 मई की सुबह जब वे कमरों की सफाई के लिए गए तो ताला टूटा हुआ था। चोरों ने फार्म हाउस में बने मकान का ताला तोड़कर दो एसी, इवंर्टर और बैटरी पार कर दिया था। उन्होंने इसकी जानकारी फार्म हाउस के मालिक को दी। इसके बाद घटना की शिकायत कोटा थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# सड़क हादसे में हर माह 50 की मौत, आइजी ने जताई चिंता

**रायपुर (ए)।** राजधानी में सड़क दुर्घटनाओं में हर माह 50 से ज्यादा मौतें हो रही हैं। रायपुर रेंज के आइजी ने इस पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बढ़ रहीं सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिलों में यातायात प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा पर ध्यान देने की बात कही है।



उन्होंने रायपुर, धमतरी, महासमुंद, बलौदाबाजार और धमतरी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों, पुलिस अधीक्षकों की वर्चुअल बैठक ली। इस संबंध में सभी पुलिस अधीक्षकों को अपने जिले के राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं अन्य अधिकारियों को सड़क सुरक्षा पर संवेदनशील व सचेत करने एवं नियमित रूप से सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहकर सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में कार्रवाई के निर्देश दिए।

बैठक में यातायात प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा के अंतर्गत रायपुर शहर में ट्रैफिक जाम, हाईवे पर घुमंतू पशुओं के कारण दुर्घटना, वीआइपी प्रवास व आंदोलनों के समय यातायात व्यवस्था एवं यातायात व सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता पर चर्चा की गई। आइजी द्वारा रायपुर शहर में बाटल नेक (जहां रोड अचानक संकीर्ण हो जाती है) प्वाइंट्स जैसे फूल चौक आदि पर जहां पीक ट्रैफिक टाइम में ट्रैफिक दबाव बढ़ जाता है, वहां यातायात पुलिस का बल बढ़ाने, सिग्नल के पास ही सवारी उतारने-चढ़ाने के लिए रुकने वाले आटो आदि वाहनों को समझाने एवं सहयोग नहीं करने पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

रायपुर राजधानी होने से विभिन्ना संस्थानों, राजनीतिक पार्टियों एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा धरना-प्रदर्शन व रैलियां की जाती हैं, जिससे आम जनता को असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसके नियोजन के लिए पूर्व से ही मीडिया के माध्यम से रूट डायवर्ट करने की जानकारी प्रदान करने, रायपुर शहर में समय के साथ जनसंख्या एवं बाहर से प्रतिदिन रायपुर शहर आने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है, अतः वर्तमान व्यवस्था के अनुरूप शहर का यातायात प्रबंधन योजना तैयार करने, यातायात नियमों के उल्लंघन पर मैनुअल कार्रवाई से अधिक ई-चालान की कार्रवाई करने, रायपुर शहर के व्यस्ततम सड़कों जैसे गोलबाजार, मालवीय रोड, केके रोड, एमजी रोड आदि पर पैदल पेट्रोलिंग कराकर सड़क के किनारे स्थित दुकानदारों को दुकान के सामने सड़क तक सामान को निकालने के लिए मना किया जाए।

# शहर में दोपहिया वाहन चोरों का गिरोह सक्रिय

**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर में इन दिनों दोपहिया वाहन चोरों का गिरोह सक्रिय है। यह गिरोह लगातार दोपहिया वाहनों को चुराकर आसपास के जिलों में खपा रहा है। दुर्ग जिले के अलग-अलग स्थानों से दो बुलेट समेत चार दोपहिया वाहन चुराकर रायपुर में बेचने की कोशिश कर रहे दो नाबालिग समेत तीन शातिर चोरों के साथ ही पुलिस ने दो अन्य मामलों में आधा दर्जन से अधिक वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है।

दुर्ग जिले के अलग-अलग स्थानों से दो बुलेट समेत चार दोपहिया वाहन चुराकर रायपुर में बेचने की कोशिश कर दो नाबालिग समेत तीन शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चोरों के कब्जे से चोरी का वाहन बरामद कर लिया गया।

शहर में लगातार दो पहिया वाहनों की चोरी की घटनाओं को देखते हुये एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने थाना प्रभारियों को चोरों की पतासाजी करने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में एंटी क्राइम एवं सायबर यूनिट की एक विशेष टीम का गठन कर वाहन चोरों की तलाश की जा रही थी। इसी बीच सूचना मिली कि तेलघानी नाका पास कुछ युवक चोरी की दोपहिया वाहन बिक्री करने ग्राहक की तलाश कर रहे है। इसके बाद मौके पर पुलिस टीम ने पहुंचकर दुर्ग जिले के नेशनल हाइवे के पास बघेरा मोहननगर निवासी तिलक उर्फ एम.टिकेश्वर राव(19) के साथ दो नाबालिगों को पकड़ा। कड़ाई से पूछताछ करने पर तीनों ने दुर्ग जिले सुपेला, मोहनगर थानाक्षेत्र से चारों दोपहिया वाहन चोरी करना बताया।

### ये जब्त हुए वाहन

बुलेट क्रमांक सीजी 07 बीसी 6292, बुलेट क्रमांक सीजी 10 एडी 6099, पल्सर आरएस बाइक क्रमांक सीजी 04 एमएफ 6020 और एचएफ डीलक्स बाइक क्रमांक सीजी 04 एमयू 1939।

मेटल पार्क से चोरी कर भाग रहे आदतन चोर को दबोचा

औद्योगिक क्षेत्र उरला में घूम-घूमकर चोरी करने वाले एक शातिर चोर को पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने बुधवार रात दौड़ाकर दबोचा। वह स्कूटी में ट्रक का कमानी पट्टा लेकर जा रहा था। पुलिस को शक है कि स्कूटी भी चोरी की होगी। लिहाजा आरोपित से पूछताछ की जा रही है।उरला पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं को ध्यान में रखकर पेट्रोलिंग गश्त बढ़ाई गई है।

# पेंड्रा से गांजा लेकर आ रहे स्कूटी सवार युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** रतनपुर पुलिस ने पोंडी के हनुमान मंदिर के पास घेराबंदी कर बाइक सवार दो युवकों को पांच किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांजा जब्त कर आरोपित युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। रतनपुर थाना प्रभारी शांत कुमार साहू ने बताया कि बुधवार की शाम सूचना मिली कि दो युवक बाइक में गांजा लेकर बिलासपुर की ओ जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने पोंडी के भयहरण हनुमान मंदिर के पास घेराबंदी की।



कुछ देर बाद स्कूटी में सवार दो युवक बिलासपुर की ओर आते दिखे। पुलिस ने स्कूटी सवार उमाशंकर राठौर(28) निवासी पीपरखुंटी थाना गौरेला व दीपक मार्को(20) निवासी ठेंगाडांड थाना गौरेला को रोककर पूछताछ की। इसमें युवक पुलिस को गोलमोल जवाब दे रहे थे। तलाशी के दौरान स्कूटी में रखी बोरी में पांच किलो गांजा मिला। इस पर स्कूटी और गांजा जब्त कर युवकों को थाने लाया गया। यहां पर पुलिस ने आरोपित युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### नशीली दवा खपाने ग्राहक तलाश रहा युवक गिरफ्तार

इधर, सिविल लाइन पुलिस ने नशीली दवा खपाने के लिए ग्राहक तलाश रहे युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से 300 एंपुल इंजेक्शन व नौ हजार रुपये नकद जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। सिविल लाइन थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने बताया कि गुर्स्वार की रात सूचना मिली कि एक युवक अपनी एक्टिवा में नशीला इंजेक्शन लेकर मिनीबस्ती सुलभ काम्प्लेक्श के पास ग्राहक का इंतजार कर रहा है।

# नाबालिग को निर्वस्त्र कर पीटने वाला होटल संचालक समेत दो गिरफ्तार



**रायपुर (ए)।** मोबाइल चोरी का आरोप लगाकर नाबालिग को निर्वस्त्र कर पिटने जाने के मामले में पुलिस ने होटल संचालक सुभाष सोनी और जी. श्रीधर राव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, महासमुंद जिले के ग्राम बासीन निवासी 15 वर्षीय बालक स्वजन के साथ होटल सिटी पैलेस में रूका हुआ था। विशाखापटटनम के जी. श्रीधर राव भी वहीं रूके थे।

राव का सोमवार की रात मोबाइल गुम हो गया। उन्होंने इसकी सूचना होटल संचालक सुभाष को दी। जी. श्रीधर राव और सुभाष को होटल में घुमते हुए नाबालिग पर मोबाइल चोरी का शक हुआ। उन्होंने नाबालिग को बुलाया और निर्वस्त्र कर पूछताछ शुरू कर दी। उन्होंने निर्वस्त्र नाबालिग से पूछताछ का वीडियो भी वायरल कर दिया। बताया जाता है कि नाबालिग से जी. श्रीधर राव पूछताछ, जबकि होटल संचालक वीडियो बना रहे थे।

स्वजन ने गोलबाजार थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपितों ने बालक को पहले जमकर पिटा और फिर दूसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया था। नाबालिग गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। स्वजन की शिकायत पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ किशोर न्याय अधिनियम और अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम के तहत अपराधदर्ज किया था। घटना के बाद से आरोपित फरार हो गए थे। एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल आरोपितों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

# बिलासपुर में दस लीटर अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** मुंगेली जिले के लोरमी क्षेत्र में अवैध रूप से शराब ले जाते युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके पास से दस लीटर शराब जब्त किया गया। आबकारी पुलिस अपराधों पर नियंत्रण के लिए अभियान चल रही है। बुधवार को सुबह गश्त के दौरान आबकारी अमले को गीधा नाला नहर लालपुर मार्ग कोदवाबानी मोड़ के पास ग्राम मुड़िया थाना लालपुर निवासी अभिजीत कोशले पिता राजकुमार कोशले दिखा।

उसके संदिग्ध होने पर तलाशी लेने पर बजाज पल्सर मोटर साइकिल में दस लीटर अवैध महुआ शराब जब्त किया गया। मामले में आरोपित के कब्जे से काले रंग की जरीकेन में 10 लीटर अवैध महुआ शराब और बाइक जब्त की गई । मामले में आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम की गैर जमानती धारा 34(2) 59(क) के तहत न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है।टीम में मुंगेली प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक लालजी दीवान, वीरभद्र जायसवाल, जयेंद्र नंदागौरी और नगर सैनिक शंभू बर्मन शामिल रहे।

# बिलासपुर में घर के बाहर खड़ी बोलेरो को ले गए चोर

**बिलासपुर (ए)।** मस्तूरी क्षेत्र के जयरामनगर में चोरों ने घर के बाहर खड़े बोलेरो को पार कर दिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत मस्तूरी थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है। सीपत क्षेत्र के हरदाडीह में रहने वाली हरकुंवर पटेल गृहणी हैं। उन्होंने किराए में चलाने के लिए बोलेरो लिया है। चार जून को वे रिश्तेदारी में जयरामनगर आई थीं। उन्होंने ड्राइवर को घर के बाहर ही वाहन को खड़ा रखने के लिए कहा। इसके बाद वे अंदर चली गई थीं।

इस बीच ड्राइवर बोलेरे की चाबी को वाहन में ही छोड़कर घर के अंदर आ गया। करीब तीन घंटे बाद जब वे बाहर निकली तो वाहन गायब थी। उन्होंने ड्राइवर से वाहन के संबंध में पूछताछ कर आसपास में तलाश करने के लिए कहा। वाहन नहीं मिलने पर उन्होंने इसकी शिकायत मस्तूरी थाने में की है।

# गुडसन एंजिलिन एकेडमी स्कूल के हास्टल की छत से गिरा मासूम, मौत

**रायपुर (ए)।** राजधानी के नवा रायपुर स्थित राखी थाना अंतर्गत खरखराडीह स्थित गुडसन एंजिलिन एकेडमी के हास्टल की छत से गिरकर एक मासूम के मरने की खबर प्रकाश में आई है। पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। बच्चे की मौत को पुलिस संदिग्ध मान रही है। मामले को लेकर संचालक से पूछताछ की जा रही है।



गुडसन एंजिलिन आवासीय स्कूल है। हास्टल की छत मंगलवार की रात करीब 40 से ज्यादा बच्चे सो रहे थे। बुधवार की सुबह करीब सात बजे छह वर्षीय प्रफुल दुबे को छत से नीचे जमीन पर गंभीरावस्था में पड़ा हुआ था। बच्चों की सूचना पर कालेज प्रबंधन ने प्रफुल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। राखी थाने की पुलिस का कहन है कि बच्चों की सुरक्षा में बड़ी चूक हुई है। यहां रहने वाले बच्चे दूसरे-दूसरे जिलों के हैं। 40 से ज्यादा बच्चों को छत पर सुलाया जा रहा था।

### साढ़े तीन से चार फीट की बाउंड्रीवाल

सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस बच्चे की मौत को संदिग्ध मान रही है। छत की बाउंड्रीवाल साढ़े तीन से चार फीट की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बच्चा कैसे गिरा, घटना किस समय हुई और रात में ड्यूटी पर कौन तैनात था आदि की जांच की जा रही है।

### जांच शुरू कर दी गई है

आवासीय स्कूल से एक बच्चे की छत से गिरने की सूचना मिली थी। संदिग्ध परिस्थिति में मौत को देखते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

**-कमला पुषाम, थाना प्रभारी, राखी**





सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:- 9303289950, 9827806026, 8962815243


















## खास - खबर

### आबंटित दुकानों का किराया जमा नही करने एवं दुकान बंद रखने के कारण 8 दुकानों का आबंटन निरस्त

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम द्वारा मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना की दुकान अग्रसेन चौक, नया बस स्टेण्ड एवं सिकोला भाठा दुर्ग में आबंटित दुकानदारो के द्वारा दुकान का किराया नियमित जमा नही करने एवं दुकान को बंद रखने के कारण अनुबंध शर्तो का उल्लंघन किये जाने पर आबंटन निरस्त कर दिया गया है। नगर पालिक निगम ने किया इनका दुकान निरस्त मनीष कुमार त्रिमले नया बस स्टैंड दुकान क्रमांक 32 बकाया राशि 100560,नागेश चंद्राकर नया बस स्टैंड दुकान क्रमांक 36 बकाया राशि 80660,जतिन अढतिया अग्रेसन चौक दुकान क्रमांक 27 बकाया राशि 119741,आरती गुप्ता अग्रेसन चौक दुकान क्रमांक 29 बकाया राशि 201691,नरसिंग यादव सिकोला भाटा दुकान क्रमांक 25 बकाया राशि 109241,गौतम बैध सिकोला भाटा दुकान क्रमांक 32 बकाया राशि 105836,जॉनसन पीटर सिकोला भाटा दुकान क्रमांक 48 बकाया राशि 116124 एवं निमिस पाण्डेय सिकोला भाटा दुकान क्रमांक 31 बकाया राशि 106096 इसके साथ ही उक्त दुकानों में बेदखली कार्यवाही कर दुकान निगम प्रशासन अपने कब्जे लिया जाएगा तथा अन्य इस प्रकार के दुकानों पर भी जल्द कार्यवाही की जाएगी।

अवैध प्लाटिंग पर भिलाई निगम की बड़ी कार्रवाई

# जप्त किया गया मुरूम, रजिस्ट्री पर रोक लगाने आयुक्त ने लिखा पत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई ने अवैध प्लाटिंग पर बड़ी कार्रवाई की है। वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत कुरूद में अवैध रूप से प्लाटिंग करने वाले लोगों को नोटिस भी जारी किया गया है। वही 5 ट्रिप मुरूम जब्ती करने के साथ ही मार्ग संरचना को भी ध्वस्त किया गया। अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफकार्रवाई करने फ़िर एक बार भिलाई निगम की जेसीबी कुरूद क्षेत्र में उतरी। कुरूद के नकटा तालाब के पास अवैध प्लाटिंग की काफ़ी शिकायतें मिल रही थी, पूर्व में इस पर कार्यवाही की जा चुकी है परंतु फ़िर भी अवैध प्लाटिंग करने वाले लोग बाज नहीं आ रहे थे।



जैसे ही इसकी जानकारी निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे को लगी उन्होंने अवैध प्लाटिंग पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी के नेतृत्व में भवन अनुज्ञा विभाग की टीम एवं तोड़फोड़ दस्ता की टीम कुरूद क्षेत्र पहुंची और मार्ग संरचना को हटाकर मुरूम जब्ती की कार्रवाई की।

वहीं अवैध प्लाटिंग करने वालों की जानकारी भी निगम ने निकाल लिया है तथा अवैध प्लाटिंग करने वाले भू स्वामियों के भूमि के पंजीयन पर रोक लगाने के लिए निगमायुक्त ने पत्र भी प्रेषित किया है। उन्होंने उल्लेख किया है कि खसरा क्रमांक 1326/1,1327,1328/1 के खसरे के अवैध बटांकन पर रोक लगाई जाए। इसके साथ ही भवन निर्माण अधिकारी ने अवैध रूप से भूखंडों का विक्रय किए जाने को लेकर रमन मूर्ति, खुशबू जैन, इतवारी राम देवांगन, ठगिया बाई देवांगन को नोटिस जारी करते हुए उल्लेख किया है कि अवैध रूप से खसरा को छोटे-छोटे भूखंडों में विघटित कर विक्रय किया जा रहा है जो कि छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों का उल्लंघन है, जिस पर अधिनियम 1956 की धारा 292 (ग)(3) के अंतर्गत इस कृत्य हेतु कम से कम 3 वर्ष और अधिक से अधिक 7 वर्ष के कारावास से तथा न्यूनतम 1.00 लाख रुपए जुर्माना से दंडित किए जाने का प्रावधान है।

इसलिए क्यों न कार्यवाही की जाए। इसके लिए निगम ने 7 दिवस के भीतर नोटिस का जवाब अवैध प्लाटिंग करने वालों से मांगा है। समय पर जवाब नहीं देने पर इनके विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

# सभी ग्रामों में विशेष ग्रामसभा का किया जाएगा आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिले में इस माह सभी ग्रामों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने ग्राम सभाओं के आयोजन के लिए सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए है। जारी निर्देश में कहा गया है कि जनपद पंचायत स्तर पर प्रत्येक ग्राम में ग्रामसभा आयोजित करने के लिए एक समय सारिणी निर्धारित की जाएगी, ताकि एक तिथि में किसी ग्राम पंचायत के एक ही ग्राम में ग्राम सभा का आयोजन किया जा सके।

इस दौरान पंचायत क्षेत्र के सभी शासकीय भवनों, पंचायत भवन, स्कूल भवन, आंगनबाड़ी भवन, सामुदायिक भवन तथा निर्मित शौचालयों, कुंआ, हैण्डपंप एवं ओव्हरहेड टैंक के आस पास, ग्राम के गली सड़कों, निकास नालियों, तालाब में निर्मित निर्मला घाट आदि की साफ सफ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही इसकी जानकारी देते हुए अनुमोदन भी ग्राम सभा में लिया जाएगा। शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों का चयन एवं सामग्रियों का वितरण ग्राम सभा की बैठक में किया जाएगा।

ग्राम सभा में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत निर्मित शौचालयों की गुणवत्ता एवं उसके उपयोग, 14 वें वित्त आयोग अंतर्गत ग्राम पंचायतों को कार्य निष्पादन अनुदान प्राप्त करने, ग्राम पंचायतों द्वारा पूर्व से अधिरोपित करों की वसूली व बकाया की सूची, ग्राम पंचायतों की वित्तीय स्थिति सुदृढ करने के लिए नवीन कर अधिकरोपित व पुर्ननिर्धारण करने, पंचायतों के पूर्व, वर्तमान पदाधिकारियों तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों जिनसे पंचायतों के लेखा, हिसाब लेना है अथवा बकाया राशि, ग्राम पंचायत या अन्य एजेंसी द्वारा ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में निर्मित परिसंपत्त्यिों के निर्माण से संबंधित आय व्यय, प्रधानमंत्री आवास योजना में चिन्हित भूमिहीन/भिक्षुक/घासभूमि में निवासरत ग्राम पंचायत में आबादी भूमि उपलब्ध होने पर आबादी पट्टा आबंटन करने चर्चा, सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण एवं हितग्राहियों का सत्यापन किया जाएगा।

# सेल लोक उद्यम विभाग के 'आजादी का अमृत महोत्सव' मेगा शो में शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** देश के सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न इस्पात निर्माता कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए लोक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा 9 से 12 जून, 2022 जून तक गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर कन्वेन्शन एंड एक्सिबिशन सेंटर में आयोजित एक प्रदर्शनी में भाग ले रहा है।

केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम और स्टैंडिंग कॉन्फ्रेंस ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेज के सहयोग से लोक उद्यम विभाग ने भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इसी आयोजन के एक हिस्से के रूप में राष्ट्र निर्माण और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम जैसे एक महत्वपूर्ण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें सेल समेत विभिन्न क्षेत्रों के 75 केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम भाग ले रहे है। ये सार्वजनिक उद्यम आज के भारत के निर्माण में अपने योगदान का प्रदर्शन करेंगे।

इस प्रदर्शनी का उद्घाटन गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल एवं माननीय केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट अफेयर्स मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने किया। इस अवसर पर सेल और स्कोप की अध्यक्ष श्रीमती सोमा मण्डल भी उपस्थित थी। सेल ने इस प्रदर्शनी में एक स्टॉल लगाया है जहां कंपनी ने अपनी स्थापना के बाद से राष्ट्र निर्माण में अपने योगदान को प्रदर्शित किया है। सेल ने अपने लगाए गए स्टॉल में, अर्थव्यवस्था के विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए अपनी विविध उत्पाद श्रृंखला के बारे में भी जानकारी साझा की है।

# आरएमडी बिरादरी ने संयंत्र के भीतर सड़क सुरक्षा की जगाई अलख

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कच्चा माल विभाग के महाप्रबंधक प्रभारी इंद्रजीत सेनगुप्ता के नेतृत्व में कच्चा माल विभाग (आरएमडी) द्वारा सड़क सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सेवायें) सैय्यद नवेद आबिदी के मार्गदर्षन तथा महाप्रबंधक प्रभारी इंद्रजीत सेनगुप्ता के नेतृत्व में आयोजित इस सड़क सुरक्षा अभियान में आरएमडी के अधिकारियों व कार्मिकों ने संयंत्रकर्मियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।



आरएमडी टीम ने विगत दिनों एमआरडी चैक पर सड़क जागरूकता अभियान का आयोजन किया। जिसके तहत कार, टू व्हीलर और साइकिल चालकों की काउंसलिंग कर सड़क सुरक्षा पालन करने का आग्रह किया गया। इसके साथ ही प्ले कार्डस आदि प्रदर्शित कर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान को सफ्ल बनाने में विभाग के सहायक महाप्रबंधक द्वय एस के राय एवं ए के श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रबंधक राकेश भोला, मास्टर टेक्नीषियन मुकेश तिवारी, मास्टर ऑपरेटर लोकेष यादव सहित अन्य कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

विदित हो कि सड़क सुरक्षा अभियान एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य यातायात नियमों के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना और अंततः सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाले हताहतों की संख्या को कम करना है। विश्व स्तर पर लाखों लोग सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवाते हैं और कई लोग सड़क दुर्घटनाओं में घायल हो जाते हैं, इसका मुख्य कारण है लोगों में यातायात नियमों के बारे में जागरूकता की कमी या उनका उल्लंघन करने की आदत। अतः यह आवष्यक हो गया है कि आज वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल चलने वालों और साइकिल चालकों को भी यातायात नियमों के बारे में और अधिक जागरूक करना है। इसी उद्देष्य को ध्यान में रखकर बीएसपी के आरएमडी विभाग ने सड़क सुरक्षा की यह मुहिम प्रारंभ की। इस अभियान के दौरान एमआरडी के कार्मिक और अधिकारियों ने लोगों को यातायात नियमों के पालन करने और वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट पहनने की समझाईष देते रहे। साथ ही लोगों को शराब के नशे में गाड़ी नहीं चलाने के बारे में भी जागरूक किया गया।

# भाजपा के कद्दावर नेता प्रेमप्रकाश पाण्डेय के समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया उनका जन्मदिन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं भाजपा के कद्दावर नेता प्रेमप्रकाश पाण्डेय का आज जन्मदिन उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया और अपने लाडले नेता के दीघार्यु होने एवं उज्जल भविष्य की कामना किये।



अपने जन्मदिन की शुरूआत श्री पाण्डेय ने सर्वप्रथम सुबह सेक्टर 9 हनुमान मंदिर में माथा टेककर किया और उसके पश्चात मदर टेरेसा संस्थान में अपने जन्मदिन पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। उसके पश्चात व अपने निवास स्थान पहुंचे जहां उन्हें वैशालीनगर विधायक विद्यारतन भसीन, युवा उद्योगपति एवं समाजसेवी अरविंदर सिंह खुराना ने सिक्ख समाज के एक प्रतिनिधि मंडल के साथ पहुंच कर उनके जन्मदिन की बधाई दी।

ज्ञातव्य हो कि आज सुबह से पूर्व उच्चशिक्षा मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय को जन्मदिन की बधाई देने उनके सेक्टर 9 निवास पर लोगों का तांता लगा रहा। श्री पाण्डेय के समर्थक व भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा कई सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के लोगों ने उनको गुलदस्ता भेंटकर एवं केक कटवाकर उनका जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी श्री पाण्डेय को बधाई देने का सिलसिला बीती रात से ही शुरू हो गया था और जगह जगह श्री पाण्डेय को जन्मदिन की बधाई देने के लिए उनके समर्थकों व कार्यकर्ताओं ने होर्डिंग्स लगाकर भी अपने लाडले नेता को जन्मदिन की बधाई दी और उनके लंबी उम्र के कामना के साथ ही अगले विधानसभा चुनाव में फिर विजयी होने की भी कामना किये।

इसके अलावा होटल अमित पार्क में मगध तैलिस समाज द्वारा श्री पाण्डेय के सम्मान में उनके जन्मदिन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मगध तैलिक समाज के संरक्षक सुभाष साव, अध्यक्ष राजीव गुप्ता, महिला विंग की अध्यक्ष रश्मि साव, मगध तैलिक समाज के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार साव, विजय साव, विनोद साव,अशोक साव ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री पाण्डेय को गुलदस्ता भेंट कर उनको उनके जन्मदिन की ढेरो बधाईयां दी।

# एड्स से बचाव एवं इसके रोकथाम के लिए चलाए जाएंगे जागरूकता अभियान

**निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने जल जनित बीमारियों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली, डेंगू, मलेरिया से बचाव के लिए भी किए जाएंगे बेहतर उपाय**

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। महापौर नीरज पाल के निर्देश पर भिलाई निगम क्षेत्र में विभिन्न बीमारियों के खतरे को देखते हुए इसके रोकथाम एवं नियंत्रण के उपाय किए जा रहे हैं। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने स्वास्थ्य विभाग के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। जिसमें भिलाई के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तथा निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।





भिलाई निगम क्षेत्र में एचआईवी से बचाव एवं रोकथाम तथा मौसमी जल जनित बीमारियां उल्टी, दस्त, पीलिया, टाइफ़ाइड तथा राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग डेंगू, मलेरिया से बचाव एवं इसके रोकथाम तथा नियंत्रण के लिए बैठक में रणनीति तैयार की गई। इन सभी के रोकथाम के लिए जन जागरूकता अभियान सहित फील्ड पर विशेष अभियान स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से चलाया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, सुपेला शास्त्री अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर पीएम सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीके सैमुअल, महेश पांडे, अंकित सक्सेना, सुदामा परघनिया एवं अनिल मिश्रा, सीपीएम तुषार वर्मा, भारती एवं अनिल, राजेश पालवे आदि मौजूद रहे।

डेंगू से फ़ाइट के लिए निगम की टीम तैयार, 2 महीने पहले से तैयारी डेंगू से लड़ने के लिए निगम ने पूरी तैयारी कर ली है। विगत 2 महीनों से इसके लिए अभियान चलाना भी प्रारंभ हो गया है। अप्रैल एवं मई माह की बात करें तो 6645 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है, 7931 घरों के कूलर, कंटेनर एवं पात्रों की जांच की गई है। 390 घरों से कूलर, टंकी और कंटेनर खाली कराए गए हैं। मेलाथियान का छिड़काव किया जा रहा है। 1820 घरों के कूलर में टेमीफ़स का छिड़काव किया जा चुका है। 5921 घरों में लू से बचाव के लिए तथा 2690 घरों में डेंगू एवं पीलिया से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने पॉम्पलेट का वितरण किया गया है।

जल जनित बीमारियों के लिए तैयार हुआ रोस्टर वार्ड क्षेत्रों में चलेगा अभियान जल जनित बीमारी पीलिया एवं राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग मलेरिया के लिए भी भिलाई निगम क्षेत्र में अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए तिथि वार रोस्टर तैयार कर लिया गया है। 1 जून से इसकी शुरुआत हो चुकी है।

शेड्यूल के मुताबिक वार्ड छेत्रो का सर्वे भी किया जाएगा। उल्टी, दस्त, बुखार, पीलिया से प्रभावित व्यक्तियों का सर्वेक्षण प्रतिवेदन भी तैयार होगा।





स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950